इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26








वर्ष- 44 अंक - 319 राजनांदगांव, गुरूवार 09 अक्टूबर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए


# पीएम ने नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मुंबई में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। 19650 करोड़ रुपये की लागत से बना ये एयरपोर्ट व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगा। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया।

अपने संबोधन म पीएम मोदी ने कहा कि मुंबई का लंबा इन्तजार आज जाकर खत्म हुआ। शहर क अब अपना दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट मिल गया है। ये एयरपोर्ट एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित होने में बड़ी भूमिका निभाएगा। आज मुंबई को पूरी तरह से अंडरग्राउंड मेट्रो भी मिली है, इससे मुंबई के लोगों का सफर आसान होगा और समय की बचत होगी। पीएम मोदी ने कहा कि यह समय भारत के युवाओं के लिए अनगिनत अवसरों का समय है। कुछ समय पहले ही देश की अनेक ITI को इंडस्ट्री से जोड़ने के लिए 60,000 करोड़ रुपये की पीएम सेतु योजना शुरू की गई है। आज से महाराष्ट्र सरकार ने सैकड़ों ITI और तकनीकी स्कूलों में नए प्रोग्राम का शुभारंभ किया है। इससे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ड्रोन, सोलर एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन जैसी अनगिनत नई टेक्नॉलॉजी की ट्रेनिंग मिल पाएगी। मैं महाराष्ट्र के युवाओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।





वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से है लैस

### नवी मुंबई एयरपोर्ट पर विकसित भारत कि मिलती है झलक

पीएम मोदी ने कहा की नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसमें विकसित भारत की झलक है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज की धरती पर बना है, इसका आकार कमल के फूल जैसा है। यानी यह संस्कृति और समृद्धि का जीवंत प्रतीक है। इस नए एयरपोर्ट से महाराष्ट्र के किसान यूरोप और मिडिल ईस्ट के सुपरमार्केट से भी जुड़ पाएंगे।

### हवाई चप्पल पहनने वाले भी करें हवाई सफर

पीएम मोदी बोले, 2014 में जब देश ने मुझे अवसर दिया, तब मैंने कहा था कि मेरा सपना है कि हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई सफर कर सकें। हमारी सरकार ने इस मिशन पर गंभीरता से काम शुरू किया और पिछले 11 साल में देश में एक के बाद एक एयरपोर्ट बनते चले गए। 2014 से पहले हमारे देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे और आज एयरपोर्ट की संख्या 160 को पार कर चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों कि सुरक्षा पर बोलते हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अब भारत घुसकर मारता है, कांग्रेस बताए किसके दबाव में कार्रवाई नहीं की - मोदी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 17 साल पहले हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कांग्रेस पार्टी को घेरा। उन्होंने मुंबई आतंकी हमले के बाद तत्कालीन सरकार की नीति को कटघरे में खड़ा किया। पीएम मोदी ने कहा, मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ-साथ भारत के सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। इसलिए, 2008 में आतंकियों ने मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। लेकिन तब जो कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, उसने कमजोरी का संदेश दिया और आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए। बकौल प्रधानमंत्री मोदी, हाल ही में कांग्रेस के एक बड़े नेता, जो कांग्रेस के शासनकाल में देश के गृहमंत्री रह चुके हैं, ने एक साक्षात्कार में बड़ा खुलासा किया है कि 2008 के मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं, पाकिस्तान पर हमला करने को तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन किसी दूसरे देश के दबाव में कांग्रेस सरकार ने देश की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोक दिया।



पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था जिसने विदेशी दबाव में फैसला लिया और मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा, हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज का भारत दमदार जवाब देता है, घर में घुसकर मारता है। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मुंबई का लंबा इंतज़ार खत्म हुआ। मुंबई को अब अपना दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट मिल गया है। ये एयरपोर्ट, इस क्षेत्र को एशिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आजम खां से मिले अखिलेश यादव, बोले- इस परिवार पर सबसे ज्यादा केस का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना रही भाजपा

रामपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से मिलने रामपुर पहुंचे। करीब दो घंटे चली मुलाकात में अखिलेश यादव ने आजम खां के स्वास्थ्य की जानकारी ली और कहा कि भाजपा सरकार ने उनके परिवार का उत्पीड़न किया है।



अखिलेश यादव ने कहा कि मैं जेल में आजम खां से नहीं मिल पाया था, इसलिए आज घर आकर उनका हालचाल लेने आया हूं। आजम हमारे सबसे पुराने नेताओं में से एक हैं। वह पार्टी के लिए एक ऐसे पेड़ की तरह हैं, जिसकी जड़ें बहुत गहरी हैं और जिसकी छांव हमेशा हमें सुरक्षा देती रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आजम खां और उनके परिवार के खिलाफ दर्ज अधिकांश मामले झूठे और राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि शायद भाजपा सरकार झूठे मुकदमों का गिनीज बुक रिकॉर्ड बनाने जा रही है। कोई परिवार इतना परेशान नहीं हुआ जितना आजम का हुआ है। उनकी पत्नी, बेटे अब्दुल्ला और करीबियों पर भी झूठे केस लादे गए हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि हम सब एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। उम्मीद है कि न्याय जरूर मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट में जो हुआ, वह भी संदेश देता है कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ममता बोलीं- कार्यवाहक पीएम जैसा बर्ताव कर रहे शाह, मोदी सतर्क रहें; भाजपा ने बंगाल पर पूछे सवाल

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल- तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी पार्टी भाजपा के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप हो रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों भाजपा सांसद पर हुए हमले को लेकर गंभीर टिप्पणी कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर करारा पलटवार भी किया था। अब ताजा घटनाक्रम में सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हरकतें और उनका व्यवहार कार्यवाहक प्रधानमंत्री जैसा है।



### ममता बनर्जी बोलीं- शाह एक दिन मीर जाफर...

बाढ़ से तबाह उत्तरी बंगाल से लौटने के बाद कोलकाता हवाई अड्डे के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह करना चाहती हूं कि वे शाह पर अधिक भरोसा न करें, जो एक दिन उनके लिए मीर जाफर जैसे बन सकते हैं। बता दें कि 18वीं सदी में तत्कालीन बंगाल के सेनापति जाफर ने पलासी के युद्ध में नवाब सिराजुद्दौला को धोखा दिया था और बाद में अंग्रेजों की मदद से राजा बने थे।

### प्रधानमंत्री भी शाह के सभी कार्यों से वाकिफ हैं

केंद्र सरकार और देश की शीर्ष सांविधानिक संस्था- निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लागू करने के नाम पर चुनाव आयोग जो कुछ भी कर रहा है, वह शाह के इशारे पर हो रहा है। अमित शाह कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तरह व्यवहार कर रहे हैं। दुर्भाग्य से, प्रधानमंत्री भी उनके सभी कार्यों से वाकिफ हैं। बता दें कि इससे पहले ममता बनर्जी पीएम मोदी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आरकेएम पावर प्लांट में बड़ा हादसा: अचानक टूटकर नीचे गिरा लिफ्ट, तीन मजदूरों की मौत; सात घायल

सक्ती। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र के उच्चपिंडा स्थित आरकेएम पॉवर प्लांट में बड़ा हादसा हो गया। पावर प्लांट में लिफ्ट टूटकर गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में सात से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



जानकारी के अनुसार, मजदूर बॉयलर मशीन की मरम्मत कार्य के लिए लिफ्ट से ऊपर जा रहे थे। लिफ्ट को करीब 75 मीटर ऊंचाई तक जाना था, लेकिन लगभग 40 मीटर की ऊंचाई पर ही लिफ्ट अचानक टूटकर नीचे गिर गई। इस हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल मजदूरों को रायगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रशासन ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक जांच में लिफ्ट में तकनीकी खराबी को कारण बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक वजह की पुष्टि जांच रिपोर्ट के बाद ही होगी।

सक्ती एडिशनल एसपी हरीश यादव ने बताया कि लिफ्ट गिरने से तीन मजदूरों की मौत हुई है और कई घायल हैं। सभी मजदूर बॉयलर मरम्मत कार्य में (शेष पृष्ठ 6 पर...)









# शराब घोटाला मामला: चैतन्य बघेल को नहीं मिली राहत, ईओडब्लू की विशेष कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज



रायपुर। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की जमानत याचिका राजधानी रायपुर में EOW (इकोनॉमिक ऑफेंस विंग) की विशेष अदालत में खारिज कर दी गई है। इससे पहले बीते सोमवार को ही चैतन्य बघेल को विशेष अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने सुनवाई के बाद उनकी जमानत याचिका अस्वीकृत कर दी और उन्हें 13 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

बता दें कि EOW की ओर से चैतन्य बघेल को 14 दिन की कस्टोडियल रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ की जा चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी भी जारी है और मामले में गहन अनुसंधान किया जा रहा है। ED-EOW 90 दिनों में जांच पूरी करेगी।

ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर 18 जुलाई को भिलाई निवास से धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत गिरफ्तार किया था। शराब घोटाले की जांच ईडी ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस घोटाले के कारण प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब 2,500 करोड़ रुपए की अवैध कमाई (पीओसी) घोटाले से जुड़े लाभार्थियों की जेब में पहुंचाई गई। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भारत दौरे पर ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर: पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंच गए हैं। बुधवार सुबह वे छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (मुंबई) पहुंचे। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा है, जिसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय (डाउनिंग स्ट्रीट नंबर 10) ने मुंबई के लिए व्यापार मिशन बताया है। इस यात्रा का मकसद भारत-यूके के बीच व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करना और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ ब्रिटेन के कई बड़े उद्योगों के सीईओ, वरिष्ठ अधिकारी, नामी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि और मंत्री पीटर काइल व जेसन स्टॉकवुड भी भारत आए हैं।



व्यापारिक संबंधों को मिलेगा बढ़ावा

यह यात्रा खास इसलिए भी मानी जा रही है क्योंकि जुलाई 2025 में पीएम मोदी ब्रिटेन दौरे पर गए थे, जहां दोनों देशों ने बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। अब यह मुलाकात बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच नई दिशा तय करने वाली है। गुरुवार को प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, मुंबई के राजभवन में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# महादेव सट्टा एप के सभी आरोपियों को मिली जमानत, सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के चर्चित महादेव सट्टा एप मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। इस दौरान महादेव आनलाइन सट्टेबाजी केस के सभी 12 आरोपितो को जमानत मिल गई। ये सभी आरोपी पिछले ढाई साल से रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम सूदरैश और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने महादेव सट्टा एप मामले की सुनवाई की। इस दौरान इस सट्टा एप से जुड़े भीम सिंह यादव, अर्जुन यादव, चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर समेत सभी 12 आरोपियों को जमानत मिल गई है। जानकारी के मुताबिक, साल 2016 में सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और अतुल अग्रवाल द्वारा महादेव बुक एप लॉन्च किया गया था। यह ऐप धीरे-धीरे ऑनलाइन सट्टेबाजी का सबसे बड़ा नेटवर्क बन गया। इसके माध्यम से क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस और बैडमिंटल तक कि भविष्यवाणी पर दांव लगाए जाते थे। यह ऑनलाइनट सट्टा ऐप दुबई से संचालित होता था। जो धीरे-धीरे जुआ और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गतिविधियों के लिए कुख्यात हो गया। साल 2016 में लॉन्च हुआ यह ऐप 2020 में रफ्तार पकड़ने लगा। इस दौरान महादेव ऐप के संचालकों ने हैदराबाद स्थित रेड्डी अन्नानामक एक और दूसरे सट्टेबाजी प्लेटफार्म को करीब 1,000 करोड़ रुपये में खरीदा। जिसके बाद ऐप पर यूजर बेस 50 लाख के पार हो गया। इस ऐप के जरिए रोजना की कमई 200 करोड़ रुपये पहुंचने लगी।




# जापान-ऑस्ट्रेलिया और यूएस के वैज्ञानिकों को मिला रसायन के लिए नोबेल पुरस्कार

नई दिल्ली। रसायन में नोबेल पुरस्कार 2025 की घोषणा हो चुकी है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार (08 अक्तूबर) को इसका ऐलान किया। इस साल ये सम्मान तीन वैज्ञानिक सुसुमु कितागावा (जापान), रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉबसन और उमर एम. याघी को धातु-कार्बनिक ढांचे के विकास के लिए रसायन विज्ञान में 2025 का नोबेल पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। सुसुमु कितागावा जापान के क्योटो विश्वविद्यालय से हैं, रिचर्ड रॉबसन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय से और अमेरिका के बर्कले स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से उमर एम. याघी हैं।



तीनों वैज्ञानिकों को संयुक्त रूप से धातु-कार्बनिक ढांचे बनाने में उनके अग्रणी कार्य के लिए सम्मान दिया गया है। मालूम हो कि विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (भारतीय रुपयों में 10.3 करोड़), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट दिया जाएगा। रसायन में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क में अपने योगदान के लिए दिया गया है। जो कि कार्बन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम साय ने इसरो के वैज्ञानिकों से की भेंट: मुख्यमंत्री बोले- इनकी उपलब्धियाँ प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का विषय

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में इसरो अहमदाबाद केंद्र के निदेशक डॉ. एन. एम. देसाई के नेतृत्व में अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। बैठक के दौरान सीएम श्री साय और वैज्ञानिकों के बीच इसरो की यात्रा में छत्तीसगढ़ की भागीदारी को बढ़ाने, राज्य के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने, शासन के कामकाज में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए इसरो की तकनीक के उपयोग तथा स्कूलङ्ककॉलेज के विद्यार्थियों के लिए इसरो द्वारा संचालित गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।



सीएम श्री साय ने इसरो की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में जो ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं, वह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नवाचार और तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि प्रदेश के युवा स्पेस साइंस के प्रति रुचि लेकर देश के अंतरिक्ष अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। उन्होंने आगे कहा कि, इसरो द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ, जिससे उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि इसरो की तकनीक का उपयोग कृषि, खनन नियंत्रण, भू-अतिक्रमण की निगरानी तथा धान खरीदी के दौरान अवैध गतिविधियों की पहचान जैसे कार्यों में प्रभावी रूप से किया जा सकता है। इस अवसर पर इसरो अहमदाबाद केंद्र के निदेशक डॉ. एन. एम. देसाई ने मुख्यमंत्री को इसरो द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने के लिए इसरो कई अभिनव कार्यक्रम चला रहा है, जिन्हें छत्तीसगढ़ में भी विस्तारित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश में एक 'स्पेस गैलरी' (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र: प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर चयनित 233 अभ्यर्थियों को दिया जॉइनिंग लेटर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर चयनित 233 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शी और विश्वसनीय भर्ती प्रक्रियाओं से प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित हुआ है। उन्होंने बताया कि विगत 20 महीनों में विभिन्न विभागों में 10 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं।



सीएम श्री साय ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सहकारिता विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आदिम जाति विकास विभाग सहित कई अन्य विभागों में नियुक्तियाँ दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि, आने वाले समय में उच्च शिक्षा विभाग में 700 सहायक प्राध्यापकों और स्कूल शिक्षा विभाग में 5000 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज का यह अवसर ऐतिहासिक और अत्यंत हर्ष का विषय है। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति पत्र एक साथ प्रदान किए जा रहे हैं। यह निश्चित रूप से विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी नवनियुक्त प्रयोगशाला तकनीशियनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्तव्यों का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जिले के कोटवार अपनी मांगो लेकर सीएम साय से मिलने पहुंचेंगे राजधानी



## कलेक्ट्रेट के सामने एकत्रित होकर नारे की बुलंद

राजनांदगांव (दावा)। जिले के कोटवारों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाई ओवर के नीचे बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और नारे बुलंद करते हुए पदयात्रा के द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने जाने के राजधानी जाने के लिए प्रयाण किया।

बताया जाता है कि कोटवारों की यह पद यात्रा राजनांदगांव से मुख्यमंत्री निवास, रायपुर में 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक चलेगी जहां वे मुख्यमंत्री श्री साय से मिल कर उन्हें दिपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाए देंगे और अपनी मांगों के संदर्भ में बात रखेंगे।

कोटवार संघ का कहना है कि कोटवारों को मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जो आदेश पारित हुआ है एवं सारी सुविधा दी गई है उनके अनुरुप प्र010 के कोटवारों को दिये जाने की मांग की जाएगी। उनका कहना है कि प्रदेश के 4010 कोटवार लंबे समय से कोटवारी करते चले आ रहे है. परंतु कोटवारों के हित में राज्य शासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जिससे कोटवारों का आर्थिक हालत जस का तस बनी हुई है। उन लोगों ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि मप्र शासन द्वारा कोटवारों के हित में दिनांक 01/10/2023 को जो आदेश कोटवारों के हित में आदेश पारित किया गया है उसी अनुरुप छग प्रदेश के कोटवारों को भी पारिश्रमिक बढ़ोतरी करते हुये सारी सुविधा प्रदान किया जाये। इसमें वे सेवा भूमि के अनुसार ग्राम कोटवारों की श्रेणी, जिनके पास कोई सेवा भूमि नहीं है जिसके पास 03 एकड तक सेवा भूमि है उन्हें निश्चित राशि दिए जाने की माग की है तथा जिसके पास 7.5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि है उन्हें रुपये बिना हडताल के दिए जाने एवं 7010 के कोटवारों का वर्दी खाकी किया जाने की मांग प्रमुख हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

**चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर का वितरण, अमृत मंथन परंपरा पर हुई चर्चा**



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने राजनांदगांव नगर के किलापारा बस्ती में शरद पूर्णिमा उत्सव अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। यह उत्सव स्थानीय श्री बाला बाबा मंदिर सोनारपारा दिग्विजय कॉलेज रोड में आयोजित किया गया। जहां क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति और स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से 10 बजे तक चला। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने भजन-कीर्तन किया। जिसके बाद संघ की प्रार्थना संपन्न हुई। एक घंटे के इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अपने विचार और अनुभव साझा करने का अवसर मिला।

नगर सेवा प्रमुख अरुण भास्कर ने शरद पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्णिमा की रात चंद्रमा की रोशनी में रखी गई खीर को अमृत रूपी माना जाता है। उन्होंने कहा कि माना जाता है कि इसी दिन अमृत की बूंदें खीर पर गिरती हैं, जो शरीर और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक होती हैं। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी ने इस परंपरा के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह उत्सव अमृत मंथन के समय अमृत कलश निकलने के बाद से ही चालू हुई है। वहीं वैभव निर्वाणी ने वैज्ञानिक मत प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब रहता है।

उत्सव में क्रीड़ा भारती के संगठन मंत्री कौशलेंद्र की विशेष उपस्थिति रही। संघ के प्रमुख पदाधिकारियों में विष्णु साव, अनीस घोटकर, अरुण भास्कर गुप्ता, बस्ती प्रमुख अनिल नागवंशी जी और नितिन शुक्ला, मनोज निर्वाणी, शशांक निर्वाणी, केशव राव गनवीर और दिवाकर बाजपेयी शामिल थे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में देवकुमार निर्वाणी, वैभव निरवाणी, गुरवंत सिंह ठाकुर, कुलदीप पाल और भारतीय जनता पार्टी के पार्षद संकी बग्गा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज निर्वाणी ने किया। अंत में संघ की प्रार्थना के बाद सभी उपस्थित लोगों में प्रसाद स्वरूप खीर का वितरण किया गया।

# जिला जेल में बंदियों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ



राजनांदगांव (दावा)। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव द्वारा बल्देव बाग स्थित जिला जेल में बंदियों को नशामुक्त रहने के लिए जागरूक किया गया तथा नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक झालम सिंह ने नशा के दुष्परिणाम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा से मनुष्य का जीवन बर्बाद हो जाता है नशा करने वाले मनुष्य की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है। समाज में सम्मान खो देता है। मानसिक अवस्था बिगड़ जाती है। साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य खराब हो जाता है। भारत को यदि हमें विश्व गुरु बनाना है तो पहले नशामुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करना होगा।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने बताया कि राजयोग के गहन अभ्यास से हम अपने मन को सशक्त बनाकर नशा से मुक्त हो सकते है। इसके लिए स्वयं को आत्मा समझकर परमपिता परमात्मा शिव को याद करना होगा जिससे मन की एकाग्रता बढ़ेगी और नशा छोड़ना आसान हो जाएगा। ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज आश्रम में आने वाले हजारों भाई बहनों ने राजयोग के अभ्यास से नशा को छोड़ नशामुक्त जीवन जी रहे है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी महिमा बहन जी ने सभी बंदी भाइयों को राजयोग की गहन अनुभूति कराई। ब्रह्माकुमार अर्जुन भाई ने नशामुक्त जीवन पर आधारित बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला जेल के गुरु जी तारकेश्वर प्रसाद ने इस कार्यक्रम के लिए अपना आभार प्रकट किया।

# पुजारी संघ की तहसील कार्यकारिणी घोषित, सतीश तिवारी बने तहसील संयोजक

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख तारक निर्मोही ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, संगठन महामंत्री प्रेमनारायण दास, राष्ट्रीय महासचिव आचार्य अशोक चतुर्वेदी, हरिवंश तथा राष्ट्रीय सचिव लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव (छोटे राजा, छुईखदान) एवं प्रदेश संयोजक सौरभ निर्वाणी की अनुशंसा तथा प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेन्द्र दास के निर्देश पर राजनांदगांव तहसील मंडल की घोषणा की गई है।



**○ लंबे समय से रुकी कार्यकारिणी की हुई घोषणा**
**○ कार्यकारिणी को लेकर संघ में उत्साह**

इस अवसर पर हनुमान मंदिर के महंत डोमन दास एवं जिला मंडलेश्वर शीतला मंदिर के पुजारी राज दुबे ने तहसील मंडल की कार्यकारिणी घोषित की, जो इस प्रकार है- तहसील प्रभारी भूपेन्द्र कुमार वैष्णव, तहसील संयोजक सतीश तिवारी (पुजारी, दंतेश्वरी मंदिर), तहसील मंडलेश्वर तुषार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी लाल (पुजारी, जगन्नाथ मंदिर), उपाध्यक्ष रोशन वैष्णव (पुजारी, हनुमान मंदिर), पप्पू महाराज (पुजारी, स्टेशनपारा शनि देव मंदिर), कोशल शर्मा, सचिव रिंकू तिवारी (पुजारी, हनुमान मंदिर, महावीर चौक), सह सचिव आकाश शर्मा (पुजारी, वैशाली नगर मंदिर), गोलू मिश्रा (पुजारी, नया ढाबा शिव मंदिर), चमन महाराज (पुजारी, शीतला मंदिर), गोविन्द नारायण मिश्रा (पुजारी, हनुमान मंदिर, भुलन बाग कॉलेज के पीछे), तहसील मंडल उपाध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे, सह सचिव पियूष दुबे (पुजारी, शीतला मंदिर), तहसील कार्यकारिणी सदस्य अंकित दुबे (पुजारी, शीतला मंदिर), मनीष शुक्ला (तीन दर्शनीय धर्मार्थ समिति), शेखर शुक्ला, नरेश शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा शेष पदाधिकारियों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

इस नियुक्ति पर सभी नव-घोषित पदाधिकारियों को जिला प्रभारी निधि वैष्णव, जिला मंडलेश्वर राज दुबे, दिलीप वैष्णव, अनिल कुमार शर्मा एवं शेखर दुबे, निधि वैष्णव, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, शर्मा महाराज जगन्नाथ मंदिर, जितेंद्र झा दिग्विजय कॉलेज, गणेश मंदिर डोंगरगढ़, बजरंगबली मंदिर के महाराज चंदन दास, हनुमान मंदिर पांडाडह बड़ेजमात मंदिर पुजारी रिंकू दास, कृष्ण मंदिर के पुजारी मनीष दास, महावीर मंदिर के पुजारी हालदार दास ने तथा सामाजिक बंधु एलडी निर्मोही राकेश दास वैष्णव, संजय वैष्णव, संदीप दास, वैष्णव किल्लापारा वैष्णव, शिव वैष्णव, कृष्ण कुमार वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, सतीश वैष्णव, मनोज निर्वाणी, बाबा वैष्णव, ज्ञानी वैष्णव, रोहित वैष्णव, धर्म वैष्णव, अमर वैष्णव, संजीत वैष्णव, राजकुमार वैष्णव, सोनेट निर्वाणी, राम वैष्णव, विष्णु वैष्णव, शेखर दुबे, महेंद्र वैष्णव, राजा जमात मंदिर संतोष वैष्णव, डॉ. रविंद्र द्विवेदी, अखिल भारतीय वैष्णव, ब्राह्मण सेवा संघ के युवा इकाई के अध्यक्ष राघवेंद्र दास, महंत नंदकिशोर दास (निर्मोही अखाड़ा), समस्त संत समाज ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# कल रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

## आध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी में

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी से लगे हुए सुकुलदैहान समीपस्थ ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में चातुर्मास पर्व अंतर्गत कल 10 अक्टूबर शुक्रवार को समय प्रातः सुबह 10 बजे से परमपूज्य महात्मा लेखचंद साहेब के 61वां जन्मदिवस के पावन अवसर पर आध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन एवं वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर एवं एलोपैथिक/आयुर्वेदिक नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन रखा गया है। यह कि ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में विगत दस वर्षों से लगातार गुरुपूर्णिमा से चातुर्मास पर्व पर लगातार विभिन्न संत-महात्माओं एवं ख्याति प्राप्त मानस मर्मज्ञ व्याख्याकार मंडलियों के द्वारा आध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन होता रहता है। साथ ही साथ इस पावन ग्राम-पेंडरी में पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य के पावन जन्म स्थली भूमि होने के कारण बहुतायत रूप से कबीर धर्मानुयायियों का देश विदेश एवं भारत के अनेकों प्रांतों से संत महापुरुषों एवं भक्त हंसजनों की सदगुरु कबीर दर्शन यात्रा अंतर्गत आवागमन होता रहता है। कबीर पंथ धर्मानुयायियों द्वारा चातुर्मास पर्व पर एक विशेष पहचान स्थापित किया गया है। इस आयोजन में प्रमुख रूप से ग्राम के युवा शक्ति सेवा संगठन, सूर्या फाउंडेशन तथा चातुर्मास आयोजन समिति एवं सदुरु कबीर सत्संग सेवायोग आश्रम समिति पेंडरी द्वारा रखा गया है। प्रमुख रूप से गुलाब वर्मा, नरबद वर्मा, वीपी वर्मा, मदनमोहन साहू, हेमंत कुमार साहू, मंथीर दास साहू, चेतन साहू, भागवत साहेब, दुर्गश कुमार साहू, हिरेंद्र साहू, महंत सेवादास साहेब, परमानन्द साहू जैसे अनेकों सहयोगी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। यह जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी है।




**छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त–दुर्ग**

**प्रथम निविदा आमंत्रण** विज्ञापन क्र. 49

छ.ग.गृह निर्माण मण्डल संभाग–राजनांदगांव अंतर्गत अटल विहार योजना (फेस–II) माढ़िंग पीढ़िंग (धेनु) मोहला, जिला–मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में प्रथम चरण अंतर्गत 33 नग एल.आई.जी., 08 नग दुकान का निर्माण कार्य तथा आंशिक विकास कार्य हेतु प्रपत्र–'अ' में राशि रू. 496.37 लाख की ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी मो.नं. 98271–75003 पर सम्पर्क करें।

संवाद-45515/2 उपायुक्त



## सूचना

घुमका एजेंसी बदली दैनिक दावा समाचार पत्र की प्रतियाँ
**''साहेब बंदगी न्यूज एजेंसी''**
अधिकृत प्रतिनिधि – लोचन प्रसाद निर्मलकर
मोबाईल नंबर – 9630844364 से प्राप्त करें।
लेख-आलेख, समाचार, विज्ञापन संकलन हेतु सहयोग करें।

व्यवस्थापक
दैनिक 'दावा', बल्देव बाग, राजनांदगांव


## शुभांक

बी. के
3-5-0
359-7 450-9
राजधानी
2-4-8
457-6 236-1

अनुमानित

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम फुलकुमारी आ. नंदलाल मेरे भूमि बिहरीखुर्द तहसील अं.चौकी जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में स्थित जिसका कुल ख.नं.9, कुल रकबा 1.1010 हे., जो शामिलात खाता से संबंधित दस्तावेज में दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम राधिका आ. नंदलाल रख लिया है, जो आधार कार्ड में दर्ज है, सही है। अत: भविष्य में मुझे मेरे नये नाम राधिका आ. नंदलाल से जाना-पहचाना-पुकारा व समस्त शासकीय/अर्द्ध शासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें। सूचना जानें।

-: शपथकर्ती :-
**राधिका आ. नंदलाल**
निवासी - बिहरीखुर्द
तहसील अं.चौकी, जिला- मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)



न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र...... ब/121 वर्ष 2024-25

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत प्रसाद आ. मोहनलाल जाति-गोड निवासी ग्राम झंडातालाब, तहसील-लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक की पुत्री केकती की जन्म दिनांक 02.02.2000 को स्थान ग्राम झंडातालाब में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत झण्डातालाब में संधारित जन्म पंजी/रजिस्ट्रार में दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदक द्वारा अपनी पुत्री केकती की जन्म दिनांक 02.02.2000 को ग्राम पंचायत झंडातालाब में संधारित जन्म पंजी में दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अत: ग्राम पंचायत झंडातालाब में संधारित जन्म पंजी में दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा में सचिव/सरपंच द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र, कार्यकर्ता आंगनबाड़ी ग्राम झंडातालाब का प्रमाण पत्र, जिला रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु), जिला योजना एंव सांख्यिकी कार्यालय जिला-राजनांदगांव का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पेश कर निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 23.10.2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 07.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर (छ.ग.)



## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती उर्मिला मारकंडे उम्र लगभग 56 वर्ष पति आगरमा मारकंडे निवासी सलटिकरी तह. डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ. ग.) की निवासी हूँ।

यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम बिसरी पिता राधेलाल जाति सतनामी को बदलकर नया नाम श्रीमती उर्मिला मारकंडे पति आगरमा मारकंडे रख लिया है। अत: आज से मुझे मेरे नये नाम श्रीमती उर्मिला मारकंडे पति आगरमा मारकंडे को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में दर्ज किया जाये। अब से मुझे श्रीमती उर्मिला मारकंडे पति आगरमा मारकंडे से ही जाना व पहचाना जावे।

**श्रीमती उर्मिला मारकंडे**
पति आगरमा मारकंडे निवासी सलटिकरी तह. डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ. ग.)











न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ:-जिला राजनांदगाँव तहसील राजनांदगांव प.ह.नं.-00025 कांकेतरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT 202526420507400001

### ईश्तहार

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00025 के अंतर्गत ग्राम कांकेतरा के वर्तमान भूमिस्वामी तिलोकचंद बैद पिता-सुरजमल बैद पता-हिरामोती लाइन वार्ड 34 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 361/4 (0.0970), 363/1 (0.3810), 367 / 1(0.5190), 368/6 (0.4820), 368/9 (0.2270) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता वर्षा बैद पिता/पति-सौरभ बैद पता-हिरामोती लाइन, लीना बैद पिता/पति-पियुष बैद पता-हिरामोती लाइन के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरात नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/10/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार : श्रीमती सुरेखा वर्मा
राजस्व निरीक्षक मंडल-खैरझिटी



न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ: जिला- राजनांदगाँव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.-00038 कौरिनभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526420536700002

### ईश्तहार

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम कौरिनभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी तिलोकचंद बैद पिता सूरजमल बैद पता–हिरामोती लाइन जिला राजनांदगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 515/20 (0.0650) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता पियुष बैद पिता स्व. तिलोकचंद बैद पता–हिरामोती लाइन के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/10/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : AMIY SHRIVASTAVA
तहसील राजनांदगांव



न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ:- जिला- राजनांदगाँव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.-00038 कौरिनभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526420536700001

### ईश्तहार

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम कौरिनभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी तिलोकचंद बैद पिता-सुरजमल बैद पता-हीरामोती लाईन जिला राजनांदगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 515/1 (0.3400) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता पियुष बैद पिता-स्व.तिलोकचंद बैद पता-हीरामोती लाईन के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/10/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार: AMIY SHRIVASTAVA
तहसील राजनांदगांव



न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ: जिला- राजनांदगाँव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.-00038 कौरिनभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526420536700003

### ईश्तहार

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम कौरिनभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी तिलोकचंद बैद पिता सूरजमल बैद पता-हिरामोती लाइन राजनांदगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 515/86 (0.1010) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता पियुष बैद पिता स्व. तिलोकचंद बैद पता-हिरामोती लाइन के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/10/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : AMIY SHRIVASTAVA
तहसील राजनांदगांव



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, कबीरधाम (छ.ग.)**

नि.क्र. 03/नि.शा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2025 कबीरधाम, दिनांक 03-10-2025

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना//**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम के अंतर्गत नीचे लिखे कार्य हेतु समूहवार निविदा निम्न समय सारिणी अनुसार प्रपत्र-''अ'' में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17/10/2025 समय 5.30 बजे तक निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 24/10/2025 समय 5.30 बजे तक

| समूह क्र. | ग्राम का नाम | कार्य की अनुमानित लागत रू.लाख में |
|---|---|---|
| 1. | कबीरधाम जिले के उपखण्ड कवर्धा अंतर्गत Upgradation Of S.Lohara Block Lab Sanitary Work | 1.50/- |
| 2. | कबीरधाम जिले के उपखण्ड कवर्धा अंतर्गत Upgradation Of S.Lohara Block Lab Colouring And Painting, PVC Sheet Flooring, Electrical Maintenance Etc. Work | 1.22/- |
| 3. | कबीरधाम जिले के उपखण्ड कवर्धा अंतर्गत Upgradation Of S.Lohara Block Lab Aluminium Works for Door and Window etc. | 2.55/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा में भाग लेने की पात्रता, सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.स्वा.यां.खण्ड कबीरधाम से प्राप्त की जा सकती है।

जी- 252604002/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कबीरधाम (छ.ग.)

# केवाईसी नहीं कराने वाली महिलाएं महतारी वंदन की राशि से होगी वंचित




**महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हितग्राही महिलाओं को दी जा रही सूचना**

राजनांदगांव (दावा)। दीपावली का खर्चीला त्योहार नजदीक है, लोगों के हाथ में पैसा होना आवश्यक है, ऐसे समय में महतारी वंदन की राशि पाने वाली हितग्राही महिलाओं के सिर पर केवायसी कराने का तलवार लटका दिए जाने से लोगों में राज्य शासन के प्रति नाराजगी देखने में आ रहा है। बता दें कि महतारी वंदन योजना में हितग्राहियों को लेकर सख्ती बरतनी शुरू हो गई है। राज्य शासन के निर्देश के बाद अब ऐसे हितग्राहियों को नए सिरे से अपने खाते का केवायसी कराने के लिए कहा जा रहा है। जिससे उनकी चिंता बढ़ गई है।

लोगों का कहना है कि राज्य शासन द्वारा अब इतने महिने तक महतारी वंदन की राशि उनके खाते में डालने के बाद अब फिर से नए सिरे से केवायसी कराने के लिए कहा जाना उचित नहीं लग रहा है। बता दें कि पिछले वर्ष 2024 के मार्च महीने से प्रारंभ किए गए महतारी वंदन योजना की योजना से बड़ी संख्या में हितग्राही महिलाएं प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि से लाभान्वित हो रही थी। यह राशि उन्हें बैंक के माध्यम से दिया जा रहा था। राज्य शासन के निर्देश के बाद अब ऐसे हितग्राहियों को नए सिरे से केवायसी कराने के लिए कहे जाने से उनकी चिंता बढ़ गई है। जब उन्हें जानकारी देना शुरू किया गया कि अक्टूबर माह के लिए जारी होने वाली राशि की सूची में उनका नाम नहीं है। इससे उनकी चिंता और भी बढ़ी हुई है कि अब उन्हें एक बार फिर केवायसी कराने बैंक के चक्कर लगाने पड़ेंगे। बताया जाता है कि उक्त जानकारी महतारी वंदन के हितग्राहियों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से दी जा रही है। इससे महतारी वंदन की राशि प्राप्त करने वाली महिलाओं में संभ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

### हितग्राहियों की शासन द्वारा की जा रही पड़ताल

बताते चलें कि कई महिलाएं महतारी वंदन योजना को लेकर आशा लगाए बैठी है कि जल्द ही नए सिरे से आवेदन फार्म भराया जाएगा। लेकिन इसके पहले राज्य सरकार द्वारा इसकी पड़ताल की जानी शुरू कर दी गई है। जिसमें देखा जा रहा है कि जिस हितग्राही महिला के खाते में राशि जमा हो रही है वह महिला वहां उक्त दर्शित स्थान में रहती हैं यदि नहीं। इसके लिए उनके राशन कार्ड से भी मिलान के भी निर्देश दिए गए हैं।

### अपात्र पाए गए साढ़े 3 हजार हितग्राही

मिली जानकारी के अनुसार महतारी वंदन के लिए पिछले 2024 मार्च से लिए गए आवेदन में 2 लाख 59 हजार 32 हितग्राहियों ने आवेदन किया था। इसके बाद इसकी स्क्रूटनी व जाने किए जाने उपरांत करीब 3688 हितग्राही अपात्र पाए गए। इस जांच में कई लोगों के नाम की डबल एंट्री होने व कई लोगों की मृत्यु होने सहित और भी अन्य कारण पाए जाने से उनका नाम निरस्त कर दिया गया। जिसके बाद अब 2 लाख 55 हजार 344 हितग्राही जिले में महतारी वंदन योजना का लाभ ले रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन्हीं सभी हितग्राहियों को केवायसी कराना होगा। अब उपरोक्त सभी हितग्राहियों को नए सिरे से केवायसी कराने के लिए फिर से बैंकों की चक्कर लगानी होगी। राज्य शासन से महतारी वंदन योजना की राशि पाने हितग्राहियों को एक बार फिर बैंक के चक्कर लगाने की झंझट से गुजरना पड़ेगा। कुल मिलाकर कर देखा जाए तो महतारी वंदन की राशि पाने वाली महिलाओं के लिए एक और झंझट खड़ा हो गया। अब जब महतारी वंदन की राशि पानी हो तो केवायसी कराने बैंक के चक्कर तो लगाने ही होंगे।

> पूर्व में कई हितग्राहियों का केवायसी नहीं होने के कारण एनईएफटी किया गया था। इन सभी को केवायसी कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं।
>
> **गुरुप्रीत कौर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग**

# कांग्रेस नेता को भारी पड़ी पूर्व सीएम के साथ एक कप चाय, दावा- पर्यविक्षक पद से हटाया गया

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि दुर्ग जिले के पर्यवेक्षक और यूपी कांग्रेस के सीनियर नेता अजय कुमार लल्लू को पर्यवेक्षक पद से हटा दिया गया है। दुर्ग जिले के दौरे के दौरान वह पूर्व सीएम भूपेश बघेल के आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने यहां चाय पी थी। बीजेपी ने दावा किया है कि अजय कुमार लल्लू को भूपेश बघेल की एक कप चाय भारी पड़ गई।

**प्रवक्ता चिमनानी ने कांग्रेस पर बोला हमला**

बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष नियुक्ति प्रक्रिया के लिए भेजे गए अजय कुमार लल्लू की बर्खास्तगी कांग्रेस की वर्षों से चली आ रही उस आपसी खींचतान का परिणाम है। कांग्रेस तमाम कोशिशों को बावजूद थमने का नाम ही नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार पांच चुनावों में मुंह की खाने के बाद भी कांग्रेस नेताओं के आपसी झगड़े जनता के सामने खुलकर आ रहे हैं।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यह कैसा संगठन सृजन है, जहां पर ऑब्जर्वर को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर जाने पर अपने पद से हटना पड़ा। इससे पहले प्रदेश के पूर्व मंत्री रवीन्द्र चौबे ने भूपेश बघेल का नाम बस लिया था, तब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कई दिनों तक उन्हें मिलने का समय तक नहीं दिया था। बैज ने मिलने के लिए चौबे से न केवल नाक रगड़वाई, बल्कि उनसे माफी भी मंगवाई।

**कांग्रेस ने आरोपों का नकारा**

वहीं, छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने कहा कि बीजेपी द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है कि अजय कुमार लल्लू को पर्यवेक्षक के पद से हटा दिया गया है। अजय कुमार लल्लू अभी भी दुर्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बीजेपी हमारे संगठन सृजन कार्यक्रम से घबरा गई है इसलिए इस तरह का भ्रम फैला रही है।

**जिला अध्यक्षों को होगा चयन**

बता दें कि कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान चल रहा है। इस अभियान के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। जिला अध्यक्ष की नियुक्ति इस बार पर्यवेक्षक करेंगे। इससे पहले बड़े नेताओं की पैरवी पर पद मिलते थे।

# शांति भंग करने वाले बदमाश धरे दबोचे गए, न्यायालय में किया गया पेश



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र मे शांति भंग करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे न्यायालय में पेश किया है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत चौकी चिखली मे प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद विवाद की सूचना के आधार पर8 अक्टूबर बुधवार को को मेरे खिलाफ पुलिस मे शिकायत करते हो कहकर आवेदक के साथ वाद विवाद कर झगड़ा विवाद कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश श्रवण कुमार बारले पिता स्व. राजू बारले उम्र 26 साल निवासी शीतला मंदिर चिखली वार्ड नं. 05 चौकी चिखली को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कानून शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

# सफाई निरीक्षण के दौरान आयुक्त विश्वकर्मा ने एसएलआरएम सेन्टरों मे व्यवस्था का लिया जायजा



**एकेडमीक परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई करने दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा त्योहार को ध्यान में रखकर साफ सफाई मे जोर दिया जा रहा है।

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा स्वयं शहर में साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है, वही शहर को व्यवस्थित व साफ सुथरा रखने, अतिक्रमण व मलमा हटाने कार्यवाही के निर्देश दे रहे है। आज सुबह उनके द्वारा गोकुल नगर व इंदिरा नगर एसएलआरएम सेन्टर पहुच व्यवस्था की जानकारी लेकर एकेडमिक परिसर का निरीक्षण कर परिसर के बाहर साफ सफाई करने, झाडिया काटने के निर्देश दिए।

नंदई क्षेत्र में चल रहे साफ सफाई का आज आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जायजा लिया और दुकानदार द्वारा पाईप बाहर रखने पर हटवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी दीवाली त्योहार को ध्यान में रखकर साफ सफाई में सुधार लावे तथा अतिक्रमण व गंदगी फैलाने वालो पर कार्यवाही करे। गोकुल नगर व इंदिरा नगर एसएलआरएम सेन्टर पहुँच व्यवस्था देख सुपरवाईजर को गिला सुखा कचरा पृथक कर व्यवस्थित रखने व उसका समय पर निपटान के निर्देश दिये तथा पीठ में खाद बनाने की प्रक्रिया देख पल्टी कर समय सीमा में खाद बनाने निर्देशित किये। साथ ही झिल्ली पन्नी अलग अलग कर बेलिंग मशीन से दबाकर बंडलिंग करने कहा तथा कबाडी समान निष्पादन कर सेन्टर को साफ सुथरा रखने निर्देशित किए।

आयुक्त के एकेडमिक परिसर का निरीक्षण कर परिसर में साफ सफाई करने तथा कटिली झाडियां काटने स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को निर्देशित किए। इसी प्रकार एकेडमिक के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने तकनीकि अधिकारी से कहा। उन्होंने कहा कि एकेडमी में अतिशीघ्र प्रयास के विद्यार्थियों की शिक्षा प्रारंभ होने वाली है, जिसे ध्यान में रखकर खिडकी तथा अन्य कार्य जल्द पूर्ण करने कहा।

# संगठन सृजन अभियान के तहत आज कांग्रेसजनों से मिलेंगे कांग्रेस पर्यविक्षक सपरा



डोंगरगढ़(दावा)। संगठन सृजन अभियान अंतर्गत दिनांक 9 अक्टूबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से पर्यवेक्षक के रूप में चरण सिंह सपरा का आगमन डोंगरगढ़ हो रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान ने बताया कि,संगठन सृजन अभियान नवीन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु चलाया जा रहा है।

क्षेत्र के समस्त कांग्रेस जनों से संगठन की ओर से कहा गया है कि संगठन सृजन अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेवें । दिनांक 9 अक्टूबर शाम 4:00 बजे छीरपानी परिसर मंदिर कैंटीन हाल में कांग्रेस पर्यवेक्षक श्री सपरा कांग्रेस जनों से चर्चा करेंगे। इस हेतु सभी पूर्व एवं वर्तमान मंत्रीगण, पूर्व एवं वर्तमान विधायक गण, पूर्व एवं वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पूर्व एवं वर्तमान जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य गण, पूर्व एवं वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद गण, पूर्व एवं वर्तमान प्रदेश पदाधिकारी गण, पूर्व एवं वर्तमान जिला पदाधिकारी गण, सेवादल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, पूर्व एवं वर्तमान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण,पूर्व एवं वर्तमान महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, पूर्व एवं वर्तमान युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, पूर्व एवं वर्तमान एनएसयूआई अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, पूर्व एवं वर्तमान समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता गणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया गया है।

# छात्रों का इंतजार खत्म: फार्मेसी काउंसलिंग की तारीखें घोषित, अब कॉलेज स्तर पर ही होंगे दस्तावेज़ों की जांच और सत्यापन

भिलाई। इंतजार खत्म हुआ। प्रदेश के फार्मेसी कॉलेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का आगाज 13 अक्टूबर से होगा। इसमें बी.फार्मेसी, डी.फार्मेसी और एम.फार्मेसी के विद्यार्थी शामिल होंगे। पहले चरण की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन 18 अक्टूबर तक भरे जाएंगे। पहली मेरिट सूची का प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके बाद 25 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति के लिए समय दिया जाएगा।

प्रथम चरण की सीटों का आवंटन 29 अक्टूबर को होगा। जिन विद्यार्थियों को सीट आवंटित हो जाएगी, उनको 30 अक्टूबर से लेकर 4 नवंबर तक कॉलेज पहुंचकर एडमिशन लेना होगा। इसके बाद दूसरे चरण की शुरुआत 7 नवंबर से होगी और 10 नवंबर तक आवेदन करने होंगे। दूसरी मेरिट सूची 12 नवंबर को आएगी। विद्यार्थी 13 नवंबर तक दावा-आपत्ति करेंगे। फिर 15 नवंबर को सीटों का आवंटन होगा। आवंटन सूची में शामिल विद्यार्थियों को 16 से 19 नवंबर तक तय कॉलेजों में जाकर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### तीसरा चरण होगा आईएल

इस साल काउंसलिंग के प्रमुख दो चरण होंगे। इसके बाद तीसरा चरण से दाखिला दिया जाएगा। ये संस्थावर काउंसलिंग (आईएल) होगी, जिसके ऑनलाइन आवेदन 21 से 25 नवंबर तक भरे जाएंगे। इसके बाद मेरिट सूची का प्रशासन 27 नवंबर को होगा। संस्थावार काउंसलिंग में दावा-आपत्ति का मौका नहीं मिलेगा। मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर आवंटन के लिए विद्यार्थियों को संबंधित संस्था में 1 दिसंबर को सुबह 10 बजे पहुंचना होगा। संस्था द्वारा आवंटित सीटों पर प्रवेश लेने के लिए 5 दिसंबर तक मौका मिलेगा। यदि संस्था में सीटें रिक्त रह जाती हैं तो 5 दिसंबर को 1.30 बजे से 6 दिसंबर शाम 5.30 बजे तक शेष छात्रों को प्रवेश दिया जा सकेगा।

### दुर्ग पॉलीटेक्निक में सुविधा केंद्र

पंजीयन से लेकर अलॉटमेंट में आने वाली दिक्कतों का समाधान करने के लिए दुर्ग पॉलीटेक्निक कॉलेज को सुविधा केंद्र बनाया गया है। कार्यालयीन समय में यहां एक्सपर्ट मौजूद रहेंगे। डीटीई ने दस्तावेज परीक्षा केंद्र यानी डीवीसी को इस साल से बंद किया है, वहीं इसे सुविधा केंद्र में तब्दील कर दिया है। इसके अलावा रविवार और अवकाश के दिन भी सुविधा केंद्र खुले रहेंगे।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कल कैबिनेट बैठक



**धान खरीदी की नीति व तिथि और राज्योत्सव पर चर्चा**

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक 10 अक्टूबर को होगी। मंत्रालय में सुबह 11.30 बजे से होने वाली बैठक में धान खरीदी की नीति को मंजूरी दी जा सकती है। नीति की मंजूरी मिलने के साथ ही धान खरीदी की तिथि भी सामने आ जाएगी। इसके साथ ही सरकार किस मूल्य पर धान की खरीदी करेगी, यह भी स्पष्ट हो जाएगा। चर्चा है कि इस बार भी धान की खरीदी 15 नवम्बर से शुरू हो सकती है। इसके अलावा बैठक में राज्योत्सव को ध्यान में रखकर भी कई नई योजनाओं पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवम्बर को इन नई योजना की घोषणा या फिर शुभारंभ कर सकते हैं।

# खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय भव्य महोत्सव 29 से, निशान यात्रा 30 को





**0 श्री श्याम भरोसे परिवार का भव्य आयोजन**
**0 श्री हनुमान श्याम मंदिर में होगा आयोजन**

राजनंदगांव (दावा)। श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय महोत्सव आगामी 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा, शंकर सिंह कोठारी, अमित खंडेलवाल, बंशी अग्रवाल, संतोष बावरिया, योगेश लोहिया एवं प्रशांत अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षों से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 1 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय आयोजन 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक संपन्न होंगे। श्री हनुमान श्याम मंदिर में बुधवार 29 अक्टूबर को दोपहर 1:15 बजे से श्री श्याम भक्तों को श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी। रात्रि 7:02 बजे से सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। गुरुवार 30 अक्टूबर को शाम 5:15 बजे रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। जो नगर भ्रमण करते हुए जी ई रोड रायपुर नाका स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी।

श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा आगे बताया गया है कि शुक्रवार 31 अक्टूबर को भव्य भजन संध्या में हनुमानगढ़ (राजस्थान) निवासी श्याम सेवक देव चुघ रात्रि 8:15 बजे से अपनी ओजस्वी वाणी से भजनों की फुहार से भक्त एवं भगवान को रिझाएंगे। शनिवार 1 नवंबर को मुख्य समारोह कार्तिक सुदी ग्यारस के दिन श्री श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर भव्य भजन संध्या रात्रि 8:15 बजे से आयोजित है। जिसमें ग्वालियर के श्याम प्रभु के अनन्य सेवक आशीष शर्मा अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा में भक्तों को स्नान करवाएंगे। महोत्सव के पंचम दिवस 2 नवंबर रविवार दोपहर 12:15 बजे से श्री श्याम रसोई महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है। आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालु माता-बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि श्याम जन्मोत्सव पर आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव में सम्मिलित होकर एवं तन-मन-धन से सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# दो चरणों में जिले के 1336 विद्यालयों का किया सामाजिक अंकेक्षण



**मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत जिले के 1336 स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य हुआ संपन्न**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के 1336 शासकीय शालाओं में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण किया गया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव, जिपं सीईओ सुरुचि सिंह, डीईओ प्रवास कुमार सिंह बघेल एवं जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे के मार्गदर्शन मे जिले के सभी 1336 स्कूलों में दो चरणों में सामाजिक अंकेक्षण किया गया है। इसके अंतर्गत 7 अक्टूबर को जिले के दो विकासखंडों छुरिया और डोंगरगांव में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य सम्पन्न हुआ जबकि दूसरे चरण में 8 अक्टूबर को राजनांदगांव और डोंगरगढ़ विकासखंडों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया गया।

सामाजिक अंकेक्षण करने का समय प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित था। जिले की कार्य योजना अनुसार प्राचार्य, प्रधान पाठक, संस्था प्रमुख को दल प्रभारी बनाया गया है। दल प्रभारी सहित दल के सभी पांच सदस्यों को सामाजिक अंकेक्षण का दायित्व सौंपते हुए इस सामाजिक अंकेक्षण के लिए पूरे जिले में तैयारी कर ली गई थी। जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अपने विकासखंड के सभी शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में निर्धारित तिथि एवं समयावधि में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य संपन्न कराने का दायित्व सौंपा गया था। छुरिया विकासखंड में प्राथमिक शालाओं की संख्या 238 पूर्व माध्यमिक शालाओं की संख्या103 हाई स्कूल की संख्या 17 और हायर सेकेंडरी शालाओं की संख्या भी 26 है। इस तरह पहले चरण में छुरिया के कुल 384 विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया गया।

इसी प्रकार डोंगरगांव विकासखंड में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 114 पूर्व माध्यमिक शालाओं की संख्या 62 हाईस्कूल की संख्या 11 जबकि हायर सेकेंडरी शालाओं की संख्या 22 है। इस प्रकार डोंगरगांव विकासखंड में कुल 209 शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण किया गया है। दूसरे चरण में राजनांदगांव और डोंगरगढ़ विकासखंड के शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण किया गया है। राजनांदगांव विकासखंड में प्राथमिक शालाओं की संख्या 209 पूर्व माध्यमिक शालाओं की संख्या 131 हाई स्कूल की संख्या 16 और हायर सेकेंडरी शालाओं की संख्या 38 है।

इस प्रकार राजनांदगांव विकासखंड में कुल 394 विद्यालय है। जहां सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इसी प्रकार डोंगरगढ़ विकासखंड में प्राथमिक शालाओं की संख्या 210 पूर्व माध्यमिक शालाओं की संख्या 103 हाई स्कूल की संख्या 10 और हायर सेकेंडरी शालाओं की संख्या 26 है। इस प्रकार डोगरगढ़ विकासखंड में कुल 349 विद्यालय है। जहां सामाजिक अंकेक्षण किया गया है। इस प्रकार जिले के सभी 1336 विद्यालयों में दो चरणों में सामाजिक अंकेक्षण किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल और डीएमसी सतीश ब्यौहरे ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना है। ताकि, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। यह प्रक्रिया शिक्षकों और प्रबंधन की जवाबदेही तय करती है, छात्रों के सीखने के स्तर का मूल्यांकन करती है, और समुदाय को शिक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें निर्णय लेने में सशक्त बनाती है। जिससे शिक्षा के अंतिम परिणामों में सुधार होता है। बच्चों के सीखने के स्तर का मूल्यांकन करना और कमजोर स्कूलों में गुणवत्ता सुधार के लिए विशेष प्रयास और निरीक्षण करना ही इसका उद्देश्य है। दिनांक 7 एवं 8 अक्टूबर को हुए सामाजिक अंकेक्षण में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव चारभाटा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करमरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला महरूम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पारागांव खुर्द, पूर्व माध्यमिक शाला बुढ़ानछापर, शासकीय प्राथमिक शाला पीपरखार कला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया गया। शालाओं का निरीक्षण करते समय डीएमसी सतीश ब्यौहरे, एपीसी पी. आर. झाड़े एवं एपीसी मो. रफीक अंसारी उपस्थित रहे।

# हम बाहरी संस्कृति के इतने गुलाम हो गए कि उससे निकल नहीं पाए- मुनि वीरभद्र



**मोक्ष मार्ग में जाना है तो हमें सहनशील होना पड़ेगा**

राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि हमारी संस्कृति में मुगल काल में हमला हुआ और हम उनकी संस्कृति को स्वीकारने लगे। आज हम इस संस्कृति के इतने आदि हो चुके हैं कि हम इसे बाहर निकल ही नहीं पा रहे। जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि हम पर बाहरी संस्कृतियों का काफी प्रभाव पड़ा और हमारी संस्कृति बाहरी संस्कृतियों से लड़ते-लड़ते थक गई और विदेशी संस्कृति हम पर हावी हो गई। हमारे भीतर गुलामी प्रवेश कर गई जिससे हम निकल नहीं पा रहे हैं और इससे निकलने के लिए हमें अभ्यंतर तप करना होगा।

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा हमने अज्ञानता की दशा में अनेक कर्मबंद बांधे हैं तो इसे हमें ही भुगतना होगा। मोक्ष मार्ग में जाना है तो हमें सहनशील होना पड़ेगा। उन्होंने कहा सब सहन करो, जब तक जीवन है तब तक सहन करो। आत्म कल्याण का मार्ग बहुत मेहनत से मिलता है। इसी तरह अनुभव भी बड़ी मुश्किल और मेहनत से मिलता है। उन्होंने कहा कि सहन करो और आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ चलो। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## अनमोल दावा

> जब तक किसी काम को किया नहीं जाता तब तक वह असंभव लगता है।

# गुजरात से राष्ट्र फिर वैश्विक मंच का चमत्कृत व्यक्तित्व हैं मोदी

प्रेम शंकर झा ने नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के नेतृत्व पर प्रकाश डाला है। 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक मोदी ने जन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया। गुजरात में भूकंप के बाद पुनर्निर्माण से लेकर ज्योति ग्राम योजना और कृषि विकास तक उनके प्रयासों ने राज्य को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

नेतृत्व केवल नीतियों का ढांचा या आंकड़ों का हिसाब-किताब नहीं है। यह वह जीवंत कहानी है जो हर नागरिक के सपनों, आशाओं और संघर्षों को नई दिशा देती है। यह वह विश्वास है जो टूटे हुए मन को जोड़ता है और निराश चेहरों पर मुस्कान लाता है।

सात अक्टूबर 2001 को जब नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, तब यह केवल एक राजनीतिक घटना नहीं थी, बल्कि एक नए शासन-दर्शन की शुरुआत थी। यह एक ऐसी सोच थी जहां सरकार केवल आदेश देने वाली संस्था नहीं, बल्कि जनता की आवाज सुनने और उनके लिए कार्य करने वाली प्रणाली थी।

वर्ष 2025 में, अपने सतत नेतृत्व के 25वें वर्ष में, नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के छोटे गांवों से लेकर वैश्विक मंच तक भारत को विश्वास, प्रगति और सशक्तिकरण का प्रतीक बनाया है। उनकी यह यात्रा केवल एक नेता की सफलता नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र और जनता की आकांक्षाओं का उत्सव है।

वर्ष 2001 में जब नरेन्द्र मोदी ने गुजरात की कमान संभाली, तब राज्य भयावह भूकंप की तबाही से उबरने की कोशिश में था। जनवरी 2001 का भूकंप, जिसने कच्छ और आसपास के क्षेत्रों को तहस-नहस कर दिया था, ने न केवल इमारतें गिराई थीं, बल्कि लोगों का विश्वास भी तोड़ दिया था। टूटे हुए घर, दरकती दीवारें और निराश चेहरे उस समय की कठोर वास्तविकता थे।

ऐसे समय में, मोदी ने केवल प्रशासनिक सुधारों पर ध्यान नहीं दिया, बल्कि जनता के दिलों में उम्मीद जगाई। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयों से बाहर निकलकर जमीन पर काम करने का निर्देश दिया। गांवों में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं और योजनाएं उनकी वास्तविक जरूरतों के आधार पर बनाईं।

वर्ष 2003 में शुरू की गई ज्योति ग्राम योजना इस दृष्टिकोण का एक जीवंत उदाहरण थी। इस महत्वाकांक्षी योजना ने गुजरात के 18,065 गांवों और 16 हजार से अधिक बस्तियों में 24 घंटे बिजली पहुंचाई। यह केवल बिजली का विस्तार नहीं था, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने और किसानों, छोटे उद्यमियों और बच्चों की पढ़ाई को सशक्त करने का प्रयास था। इस योजना के परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्योगों की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और बच्चों की पढ़ाई में रात के समय बिजली की उपलब्धता ने शैक्षिक परिणामों को बेहतर किया।

कृषि क्षेत्र में, मोदी ने सूक्ष्म सिंचाई और जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया। ड्रिप सिंचाई प्रणाली और जल संरक्षण तकनीकों ने गुजरात की कृषि उत्पादकता को 9.6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर तक पहुंचाया, जो उस समय राष्ट्रीय औसत 4.5 प्रतिशत से कहीं अधिक थी। इससे पानी की बचत हुई, खरपतवार कम हुए, और फसलों की पैदावार बढ़ी है। वर्ष 2001 से 2014 तक, गुजरात की कृषि आय में तीन गुना वृद्धि हुई, जिसने किसानों को न केवल आर्थिक स्थिरता दी, बल्कि आत्मविश्वास भी दिया।

वाइब्रेंट गुजरात समिट, जिसकी शुरुआत वर्ष 2003 में हुई, ने गुजरात को वैश्विक निवेश का केंद्र बनाया। सड़कों, बंदरगाहों और बुनियादी ढांचे के विकास ने गुजरात को औद्योगिक विकास का माडल बनाया।वर्ष 2001 में कच्छ, जो कभी भूकंप की तबाही से उबरने की चुनौती से जूझ रहा था, वहां 4.5 लाख घरों का पुनर्निर्माण हुआ। स्कूल, अस्पताल और सड़कें दोबारा खड़ी हुईं और लोगों की आंखों में डर की जगह उम्मीद नजर आने लगी। यह गुजरात मॉडल कोई नीति-पुस्तिका नहीं था, बल्कि जनता की जरूरतों, विश्वास और सहभागिता पर आधारित एक जीवंत प्रयोगशाला थी।

मोदी का नेतृत्व केवल प्रशासनिक सुधारों तक सीमित नहीं था। उन्होंने जनभागीदारी को शासन का आधार बनाया। गांवों में पंचायत स्तर पर बैठकों से लेकर वैश्विक निवेशकों के साथ संवाद तक, उन्होंने हर स्तर पर लोगों को जोड़ा। 13 वर्षों तक लगातार तीन बार भारी बहुमत से मुख्यमंत्री चुने जाने के पीछे यही विश्वास था। यह मॉडल विकास को इमारतों और सड़कों से आगे ले गया। यह जनता के आत्मसम्मान और आशाओं का निर्माण था।

वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने गुजरात में सिद्ध जन-केंद्रित दृष्टिकोण को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया। उनकी नीतियों ने भारत को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से एक नए युग में प्रवेश कराया। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने 53 करोड़ बैंक खोलें। यह योजना केवल वित्तीय समावेशन तक सीमित नहीं थी। इसने गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा से जोड़कर उनकी गरिमा और आत्मविश्वास को बढ़ाया।

उज्ज्वला योजना ने 10.4 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए, जिसने ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दी और उनके स्वास्थ्य में सुधार किया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस योजना ने वर्ष 2024 तक आठ करोड़ से अधिक महिलाओं को सांस की बीमारियों से बचाया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बने, जिससे ग्रामीण भारत में खुले में शौच की समस्या कम हुई है और सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ-साथ महिलाओं की गरिमा में सुधार हुआ है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, इससे तीन लाख बच्चों की जान बची।

# राहुल गांधी अपना काम कर रहे हैं

**अजीत द्विवेदी**

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के असली सर्वोच्च नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी क्या कुछ ऐसा कर रहे हैं, जो उनको नहीं करना चाहिए? यह बड़ा सवाल है क्योंकि वे जो कुछ भी करते हैं उस पर सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से सवाल उठाया जाता है और सोशल मीडिया में सक्रिय भाजपा के इकोसिस्टम व कथित पत्रकारों की ओर से भी सवाल उठाया जाता है। वे युवाओं की बात करते हैं तो कहा जाता है कि युवाओं को उकसा रहे हैं। वे लद्दाख के आंदोलन का समर्थन करते हैं तो कहा जाता है कि देश तोड़ने वालों के साथ हैं। विदेश में जाकर भाषण देते हैं और मौजूदा सरकार की कमियां गिनाते हैं तो उन पर विदेश में जाकर देश विरोधी काम करने का आरोप लगाया जाता है। वे 'वोट चोरी' के आरोप लगाते हैं और मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते हैं तो कहा जाता है कि वे संस्थाओं को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। वे क्रोनी कैपिटलिज्म का मुद्दा उठाते हैं तो कहा जाता है कि वे देश में आर्थिक तरक्की नहीं चाहते हैं और देश को पिछड़ा बनाए रखना चाहते हैं इसलिए उद्योगपतियों पर सवाल उठा रहे हैं। आदि, आदि।

वास्तविकता यह है कि इनमें से कोई भी काम ऐसा नहीं है, जो मुख्य विपक्षी पार्टी का नेता होने और लोकसभा में नेता विपक्ष होने के नाते उनको नहीं करना चाहिए। वे वही काम कर रहे हैं, जो करने की जिम्मेदारी उनको देश के नागरिकों ने दी है। ध्यान रहे देश के मतदाता सिर्फ सरकार नहीं चुनते हैं, बल्कि विपक्ष भी चुनते हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में कमजोर विपक्ष चुना और मजबूत सरकार चुनी। लेकिन 2024 में कमजोर सरकार और मजबूत विपक्ष चुना। देश के सौ करोड़ मतदाताओं के जनादेश से ही नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तो राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बने हैं। जैसे प्रधानमंत्री जनता की ओर से दी गई जिम्मेदारी निभा रहे हैं वैसे ही राहुल गांधी भी मतदाताओं द्वारा की गई जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

हां, यह जरूर है कि वे इस जिम्मेदारी को और बेहतर ढंग से निभा सकते थे। उनके पास अब 21 साल का राजनीतिक और विधायी कामकाज का अनुभव है। इसमें से 10 साल उनकी पार्टी सरकार में रही तो निश्चित रूप से सरकार के कामकाज भी उनकी भूमिका रही। सो, वे सरकारी कामकाज के तौर तरीकों से परिचित हैं तो 11 साल की विपक्ष की राजनीति करके वे विपक्ष की भूमिका से भी बखूबी परिचित हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को एक मजबूत विपक्ष के तौर पर काम करते देखा है। उन्हें यह जरूर सोचना चाहिए कि क्या वे उस तरह से विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, जैसे भाजपा ने 2004 से 2014 के बीच निभाई थी? विपक्ष की भूमिका से आशय संसद के अंदर के कामकाज से नहीं है। वहां तो कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां भी वैसे ही संसद स्थगित कर रही हैं, हंगामे और नारेबाजी कर रही हैं, जैसे भाजपा करती थी। लेकिन संसद के बाहर और मीडिया



स्पेस में जिस तरह से भाजपा ने काम किया वह विपक्ष की टेक्स्टबुक भूमिका थी। कांग्रेस के सरकार में होने के बावजूद भाजपा ने कानून व्यवस्था से लेकर भ्रष्टाचार और महंगाई तक अपना नैरेटिव बनाया और कांग्रेस सारे समय उसका जवाब देती रही।

इसके उलट आज जब राहुल गांधी और कांग्रेस विपक्ष में हैं तब भी भाजपा और सरकार ही नैरेटिव बना रहे हैं और कांग्रेस उनका जवाब दे रही है। यानी विपक्ष में होकर भी कांग्रेस रिसीविंग मोड में है। यह भाजपा के नैरेटिव की ताकत है, उसकी होशियारी, अति सक्रियता और संसाधनों की बहुतायत है या कांग्रेस की कमजोरी है यह अलग बहस का विषय है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले 11 साल में एकाध मौकों को छोड़ दें तो कांग्रेस कभी भी सरकार को घेरने, उसे बैकफुट पर लाने और उसको जवाबदेह बनाने वाले नैरेटिव के सेंटर में नहीं रही। ज्यादातर मौकों पर अराजनीतिक समूहों ने सरकार को जवाबदेह बनाया। कांग्रेस को इस पर विचार करने की जरुरत है कि आखिर वह क्यों बहुत प्रभावी विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पा रही है। उसे इस पर भी सोचना चाहिए कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैसे लगातार एंटी इन्कम्बैंसी को कम करने या बढ़ने नहीं देने के लिए काम कर रहे हैं।

बहरहाल, विषयांतर हो रहा है लेकिन मूल बात यह है कि राहुल गांधी वही काम कर रहे हैं, जो देश के नेता प्रतिपक्ष के नाते उनको करना चाहिए। राहुल गांधी अगर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं और उसकी निष्ठा संदिग्ध बता रहे हैं तो वे ऐसा करने वाले पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं। जब भाजपा विपक्ष में थी तो उसके नेता भी चुनाव आयोग पर, चुनाव प्रक्रिया पर और ईवीएम पर सवाल उठाते रहे हैं। लालकृष्ण आडवाणी ने ईवीएम पर सवाल उठाए थे और उनके करीबी जीवीएल नरसिंहराव ने इस पर किताब लिखी थी। बाद में जीवीएल को राज्यसभा भेजा गया था। उससे भी बहुत पहले जब बैलेट से चुनाव होता था आडवाणी और दूसरे विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था इंदिरा गांधी ने बैलेट पर ठप्पा लगाने वाली स्याही रूस से मंगाई है, जो मिट जाती है। सो, आज राहुल गांधी कह रहे हैं कि चुनाव आयोग मतदाता सूची में और मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ कर रहा है तो यह विपक्ष के नेता का स्वाभाविक आरोप है।

ऐसे ही राहुल गांधी जब 'जेन जी' यानी 13 साल से लेकर 28 साल तक के युवाओं की बात करते हैं और कहते हैं कि उनको 'वोट चोरी' की असलियत का यकीन हो गया तो वे बरदाश्त नहीं करेंगे। इस पर भाजपा कह रही है कि राहुल गांधी युवाओं को नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी तख्तापलट के लिए उकसा रहे हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि पहले विपक्षी नेताओं ने इस तरह की बात नहीं की है या तख्तापलट की अपील नहीं की है। तमाम समाजवादी नेता आज भी राममनोहर लोहिया की इस बात को दोहराते हैं कि, 'जिंदा कौमें पांच साल तक इंतजार नहीं करतीं'। यहां तो लोहिया साफ साफ लोगों को बगावत के लिए उकसाते दिख रहे हैं लेकिन उनके इस बयान को स्वाभाविक लोकतांत्रिक भावना के तौर पर देखा गया। ऐसे ही जयप्रकाश नारायण ने जब सेना और पुलिस से अपील की थी कि वे सरकार के साथ असहयोग करें तो तब की कांग्रेस सरकार ने यही कहा था कि वे सेना और पुलिस को बगावत के लिए उकसा रहे हैं। लेकिन तब से लेकर आज तक यही माना जाता है कि जेपी लोकतंत्र की रक्षा कर रहे थे। सो, अगर डॉक्टर लोहिया और जेपी गलत नहीं थे तो राहुल कैसे गलत हैं?

जहां तक विदेश जाकर सरकार के खिलाफ बोलने का सवाल है तो इसका भी लंबा इतिहास रहा है। खुद प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने विदेशी धरती पर जाकर अपने से पहले वाली सरकारों के कामकाज की खूब आलोचना की। एक बार तो वे भवावेश में यहां तक कह गए थे कि 2014 से पहले लोगों को शर्म आती थी कि कहां से भारत में पैदा हो गए। यह बात मोदी ने विदेश में ही कही थी। उससे बहुत पहले जब संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करके इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी तब सुब्रह्मण्यम स्वामी भी विदेश जाकर भारत सरकार के खिलाफ समर्थन जुटा रहे थे तो जेल में बंद जॉर्ज फर्नांडीज की पत्नी लैला कबीर भी विदेश जाकर उनकी रिहाई का आंदोलन चला रही थीं। सो, विदेश जाकर अपने देश की सरकार के कामकाज की आलोचना करना देश का अपमान नहीं होता है।

अब रही बात जन आंदोलनों का समर्थन करने की तो यह सबसे हैरान करने वाली बात है कि आंदोलनों से बनी और दशकों तक लगातार विपक्ष में रह कर आंदोलन खड़ा करने वाली भारतीय जनसंघ और भाजपा के नेता कैसे आंदोलन के समर्थन को देश विरोध बता सकते हैं? राहुल ने किसान आंदोलन का समर्थन किया या सीएए के खिलाफ हुए आंदोलन का समर्थन किया या लद्दाख के आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। ये सभी लोकतांत्रिक आंदोलन थे, जो इस देश के नागरिकों ने अपने अधिकार के लिए चलाए थे।

## विचार सरिता

# सवाल-जवाब: मेरा मन अज्ञात भय, आशंका और चिंता से घिरा होता है, समाधान क्या है?

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञान चर्चा में विवेक ने आचार्य सत्यव्रत के समक्ष अनेक लोगों के जीवन में उपस्थित होने वाली एक मनोदशा के संबंध में प्रश्न पूछा।

जिज्ञासु: मेरा प्रश्न है, मेरा मन अज्ञात भय, आशंका और चिंता से घिरा होता है, उसके समाधान के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

आचार्य सत्यव्रत: क्या चिंता और भय की यह स्थिति हर समय आपके साथ होती है या जब आप कोई कार्य कर रहे होते हैं, तब इसका सामना करते हैं?

जिज्ञासु: ऐसा कभी भी हो जाता है और मेरा मन अज्ञात आशंका से भरा होता है कि कहीं मेरा नुकसान ना हो जाए, या मैं जो कार्य कर रहा हूं, उसमें असफल ना हो जाऊं, या बैठे-बैठे किसी परेशानी में ना पड़ जाऊं।

आचार्य सत्यव्रत: चिंता, भय और आशंका तभी आती है, जब हम अपने कार्य की सफलता को लेकर सुनिश्चित न हों। इसका दूसरा कारण है, हमने कोई ऐसा बड़ा लक्ष्य बना रखा है या किसी से कोई ऐसी बड़ी आशा कर रखी है, जिसे हमारे द्वारा पूरा कर पाने में या सामने वाले व्यक्ति द्वारा जिसे पूरा करने में हमें संदेह होता हो। कुल मिलाकर ऐसी स्थिति हमें कार्य करने के दौरान उसके भावी फल और परिणाम को लेकर सजग बनाए रखती है।

जिज्ञासु: तो क्या हमें अपने कार्य के भावी परिणाम के संबंध में कुछ भी नहीं सोचना चाहिए? यह तो लापरवाही वाली बात हो गई।

आचार्य सत्यव्रत: योजना बनाना आवश्यक है तो इसके लिए चिंतन भी आवश्यक है लेकिन जब हम परिणाम को लेकर इतने अधिक संवेदनशील हो जाएँ कि यह हमारे स्वाभाविक कर्म पर विपरीत प्रभाव डालने लगे तो यह खतरे की स्थिति है और इससे हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ना ही है।

जिज्ञासु: गुरुदेव, इसका सरल समाधान क्या है?

आचार्य सत्यव्रत: अपना कार्य तो ईमानदारी से करना और किसी निर्णय के अनुपालन में थोड़ी सी भी चूक ना रखना, लेकिन परिणाम क्या होगा, यह सोच हटा देना और यह सोचना कि जो भी होगा वह मेरे लिए सबसे अच्छा ही होगा। इससे आपके ऊपर बना हुआ मानसिक दबाव समाप्त हो जाएगा और आप कार्य करते हुए आनंद का अनुभव करेंगे।

(सवाल और जवाब सुझाव के रूप में हैं। हर व्यक्ति और हर परिस्थिति के लिए समान रूप से इनका लागू होना आवश्यक नहीं है।)

## शब्द सामर्थ्य -193


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक192का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | ताँ | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू- दोकू क्र.193

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.192का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## सामयिक चर्चा

# संभावना, अहम् की लड़ाई की

अखबार पढ़कर दु:ख कर
बानी बोले - ''आज बड़ी दुखद खबर
सुनिए गजाधर भाई!
चंडीगढ़ के पुलिस महकमें में
उस समय हड़कंप मच गया
जब हरियाणा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी
एडीजीपी वाई पूरन कुमार की
मौत की खबर सामने आई!
उनके सरकारी आवास से पुलिस को
दोपहर डेढ़ बजे खबर मिली
कि अधिकारी ने खुद को गोली मार ली।
उनके घर से आठ पेज का
सुसाइड नोट मिला है।
अभी पता नहीं उसमें क्या लिखा है।
मालूम गजाधर !
एडीजीपी पूरन कुमारे पत्नी भी
हरियाणा केडर की
सीनियर आईएएस अधिकारी हैं।
घटना के समय वे घर पर मौजूद नहीं थीं।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ
जापान दौरे पर थीं।
गजाधर ऐसी क्या बात होगी
जो इतने बड़े अफसर के मन में अड़ी
और उन्हें खुदकुशी करनी पड़ी ?''
गजाधर बोले उच्छवास भरकर -
''मुझे तो यही लगता है बानी भाई!
कि इस आत्महत्या का कारण है,
अफसर दम्पत्ति के
अहम् की लड़ाई।''



गिरीश बख्शी

## कविता


# रिचार्ज के पीरा...

चले चलागन ये दुनिया मा
महीना हा दिन तीस के।
फेर डाटा रिचार्ज बर कइसे
हो जाथे अट्ठाईस के।।
पंदरा दिन के पाख अंजोरी
वोतका दिन होथे अँधियारी।
काय खगोल पंचांग उँकर,
बने हे काय जिनिस के।।
पोर्ट करे बर ऑफर देथें
पइसा लेथें फीस के।
डाटा ल भरवावत रहिथन
दाँत ल पीस-पीस के।।
वोडाफोन एयरटेल जियो
महंगी डाटा के जहर पियो।
कोन ल सँहुराबे इँहा
फरक बस उन्नीस-बीस के।।
अट्ठाईस के महीना उँकर,
कभू न होवय तीस के।
लेवत-देवत हें तनखा काबर
फेर वोमन दिन तीस के।।
नेटवर्क बर छानी चढ़थन
व्हाट्सएप मेसेज पढ़थन।
भाग ले एको महीना नइहे
पंदराही अउ बीस के।।
महंगाई के मार मा डाटा
काम नी आय दस-बीस के।
तभो हाथ-हाथ मा हे मोबाईल
ब्रांडेड स्पेशल पीस के।।
आथे विज्ञापन कभू आंय-बांय
हैक होवत अभू सांय-सांय।
फेर बिन डाटा के काम न होय
काय करबे गुस्सा रीस के।।



रोशन साहू 'मोखला'
(राजनांदगांव)

## राशिफल




### मेष

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।



### वृष राशि

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है।



### मिथुन

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा। शिक्षण संस्थान से जुड़े लोगों को ज्यादा लाभ होगा। स्टूडेंट अपने आप पर भरोसा बनाए रखें, जल्द ही सफलता मिलेगी।



### कर्क

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें, इससे बना बनाया काम बिगड़ सकता है।




### सिंह

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें। अवसर मिलने पर उसका फायदा उठाएं। काम पर ध्यान बनाए रखें।




### कन्या

आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को बड़ा मुनाफा होगा।




### तुला

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें। कोर्ट से संबंधित कोई मामला चल रहा है तो उसके सुलझने की पूरी उम्मीद है।




### वृश्चिक

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है।




### धनु

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है।छोटी-छोटी परेशानियां जल्द दूर होंगी। परिवार में सुखद माहौल रहेगा। व्यापार में मिली जिम्मेदारियों को सफलता से निभाएंगे।




### मकर

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। कोई विश पूरी होगी जिससे खुशी मिलेगी।



### कुंभ

आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे। स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। परिवार में सामंजस्य से शांति का माहौल रहेगा। प्रकृति के बीच समय बिताने से फ्रेशनेस महसूस होगी।



### मीन

आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान करेंगे। छात्रों के लिए सफलता का दिन साबित होगा, बस थोड़ी और मेहनत करें।

# जिला केसीजी पुलिस टीम की गौवंश तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही - 9 अन्तरराज्यीय पशु तस्कर गिरफ्तार



**10 नग मवेशी, 4 पिकअप वाहन एवं 8 मोबाइल जप्त**

खैरागढ़ (दावा)। अंतराज्यीय गौ वंश तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई मंगलवार 7 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई,कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के कुछ पशु तस्कर, छत्तीसगढ़ से खैरागढ़ होते हुए मध्यप्रदेश की ओर मवेशियों को अलग-अलग पिकअप वाहनों में भरकर क्रूरतापूर्वक कत्लखाने ले जा रहे हैं।। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम तैयार की गई तथा बालाघाट रोड पर पिकेट लगाकर वाहनों की सघन जांच शुरू की गई।। जांच के दौरान वाहन क्र. सीजी-04/जेडी-2970 से 02 नग मवेशी (भैंसा), वाहन क्र. सीजी-11/एएस-2340 से 02 नग मवेशी (भैंसा), वाहन क्र. एमएच-35/एजे-3087 से 03 नग मवेशी (भैंसा), वाहन क्र. एमएच-33/टी-0719 से 03 नग मवेशी (भैंसा) वाहन पकड़े गए।

उक्त चारों वाहनों के चालक एवं परिचालक से मवेशियों के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, किन्तु कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। मामले में प्रथम दृष्ट्या धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, धारा 11(1)(D)(E)(F) पशुक्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं मोटरयान अधिनियम की धारा 130(1)/177, 3/181, 5/180, 146/196, 66/192 के तहत अपराध क्रमांक 467/25, 468/25, 469/25 एवं 470/25 कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई में कुल 10 नग मवेशी, 04 नग पिकअप वाहन, 8 नग मोबाइल, कुल कीमत 13,34,000 रु. का मशरूका जप्त किया गया। साथ ही 09 आरोपियों को मौके से विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में जप्त वाहनों को राजसात की कार्यवाही हेतु पृथक से अग्रेषित किया जा रहा है तथा अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में बारीकी से विवेचना जारी है।

पुलिस ने आरोपीगण हेमराज पिता उदयलाल डहरे, उम्र 42 वर्ष, ग्राम डोंगरगांव, जिला बालाघाट, लकेश पिता स्व. पप्पू वासुदेव, उम्र 23 वर्ष, ग्राम चोरेगा, जिला बलौदाबाजार, छबि वासुदेव पिता संतोष वासुदेव, उम्र 27 वर्ष, ग्राम चौरंगा, जिला बलौदाबाजार, सातेश पिता कुंदन वासुदेव, उम्र 30 वर्ष, ग्राम चौरंगा, जिला बलौदाबाजार, सागर पिता झांकेश वासुदेव, उम्र 21 वर्ष, ग्राम चौरंगा, जिला बलौदाबाजार, नरेंद्र पिता अंकलु मसखरे, उम्र 26 वर्ष, ग्राम डोंगरगांव, जिला बालाघाट, नोहर पिता भोला सिंह कुसाम, उम्र 45 वर्ष, ग्राम सावरी खुर्द, जिला बालाघाट, संतोष पिता धनीराम लिलहारे, उम्र 35 वर्ष, ग्राम डोंगरगांव, जिला बालाघाट, कृष्णकुमार पिता गुलशन लाल, उम्र 26 वर्ष, ग्राम डोंगरगांव, जिला बालाघाट (म.प्र.) आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया।

# वर्षो से पुराने ढर्रे पर चल रही है पोस्ट ऑफिस



**दोपहर 2 बजे तक होती है रजिस्ट्री**

डोंगरगांव (दावा)। नगर का पोस्ट ऑफिस अक्सर सुर्खियों में बना रहता है, अब एक बार फिर से रजिस्ट्री को लेकर शिकायत करने की बात कही जा रही है। पहले पोस्टल आर्डर और डाक टिकट नहीं मिलने के कारण उपभोक्ता परेशान रहते थे, वहीं अब रजिस्ट्री को लेकर भी दिक्कतें शुरू हो गई है। इधर टाइमिंग को लेकर पोस्ट ऑफिस में कोई आधिकारिक जवाब नहीं है। पोस्टमास्टर के अनुसार रजिस्ट्री का टाइम जो परिपाटी के अनुसार चल रहा था वैसे ही चल रहा है।

बता दें कि नगर के एक उपभोक्ता के द्वारा रजिस्ट्री के लिए उपडाकघर पहुंचा, तो वहां के कर्मचारियों के द्वारा टाइमिंग का हवाला देते हुए उसे वापस रवाना कर दिया जबकि पोस्ट ऑफिस में रजिस्ट्री के लिए शाम 4 बजे तक का समय निर्धारित है। अक्सर उपभोक्ताओं को पोस्ट ऑफिस के अनसुलझे नियम कायदों के चक्कर में परेशान होना पड़ता है और वहां के अधिकारी कर्मचारी भी आधे अधूरे आदेश के अनुसार पुराने ढर्रे में ही काम कर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस के बाहर उपभोक्ताओं से संबंधित कोई भी जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित नहीं है, जिसके कारण लोगों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं पोस्टल आर्डर को लेकर भी आए दिन दिक्कत बनी रहती है। बता दें कि वर्तमान में पोस्टल आर्डर उपलब्ध है लेकिन अधिकतर डोंगरगाँव पोस्ट आफिस में 10 या 20 रूपये के पोस्टल आर्डर मौजूद ही नहीं रहता। इसके अलावा डाक टिकट के लिए भी जरूरतमंद लोगों को भटकना पड़ता है।

पीड़ित उपभोक्ता के द्वारा अक्सर यह शिकायत आती है कि स्थानीय डाक विभाग के कर्मचारियों के द्वारा लगातार लापरवाही बढ़ती जा रही है और आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध नहीं हो पाए, इसके साथ ही पार्टी के लिए लगाए गए जवाबी पोस्टकार्ड भी उपभोक्ताओं को वापस नहीं मिलता। शहर के उपडाकघर जिस प्रकार वहां का बिल्डिंग जर्जर हो चला है, उसी प्रकार यहाँ की व्यवस्था में भी जंग लगाते नजर आ रहा है।

> डाक व्यवस्था के तहत 2 बजे तक लेने का है, फिलहाल लिखित में कोई आदेश हमारे पास नहीं, अभी पोस्टल आर्डर और डाक टिकट उपलध है।
>
> **- एस.आर.देवांगन,**
> **पोस्ट मास्टर, डोंगरगांव**

## पहला कॉलम...

### डोम सेट निर्माण के भूमिपूजन एवं लोककला सांस्कृतिक महोत्सव के उदघाटन कार्यक्रम में शामिल हुए भोलाराम साहू



जोंधरा (दावा)। दतरेंगाटोला विकासखण्ड छुरिया में 7 अक्टूबर को लोककला सांस्कृतिक महोत्सव एवं संस्कृतिक कलामंच के पास डोम सेट निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू पहुँचकर सरस्वती माता की विधिवत् पूजा अर्चना किए तथा क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शान्ति, समृध्दि की कामना किए। विधायक श्री साहू ने डोमसेट के भूमिपूजन एवं लोककला संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के लिए समस्त ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं दिए तथा अतिथियों के आत्मीय स्वागत एवं उत्साह पूर्वक भेंट के लिए उन्होंने समस्त ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किए। इस शुभ अक्सर के दौरान श्रीमती राजकुमारी सिन्हा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया, मनोज सिन्हा पूर्व पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण सदस्य, नरेश शुक्ला सरपंच, राजिल कुरैशी सेक्टर प्रभारी, चन्द्रिका वर्मा जनपद सदस्य, बिसरू।

### विश्वविद्यालय में नशामुक्ति अभियान के तहत दिलाई गई शपथ



खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बुधवार 8 अक्टूबर को नशामुक्ति अभियान के तहत सभी को शपथ दिलाई गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती अवसर पर मद्यपान एवं अन्य मादक पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के तहत इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में बुधवार 8 अक्टूबर को संकाय स्तर पर शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

### श्रीमद् भागवत में अलौकिक जीवन दर्शन- पं.रूपेश महाराज



डोंगरगांव (दावा)। नगर के वार्ड 14 स्थित महाकाल मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की अविरल भक्ति धारा प्रवाहित हो रही है। कथा व्यासपीठ से भगवताचार्य पं.रूपेश महाराज, माना रायपुर प्रतिदिन श्रोताओं को भगवत कथा में जीवन दर्शन को पिरोकर अमृत रसपान करा रहे हैं। झाँकी के माध्यम से सचित्र वर्णन कर रहे हैं, संगीत मंडली के प्रासंगिक भजनों के माध्यम से भवसागर में गोता लगा रहे हैं।

स्थानीय शर्मा परिवार द्वारा श्राद्ध निमित्त भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक ने तीसरे दिन प्रहलाद कथा के माध्यम से भक्ति की शक्ति का बखान करते हुए बताया कि प्रहलाद के बाल्यवस्था में भी उनकी सगुण भक्ति से भगवान को अज्ञात काल में प्रकट होकर बुराई का अंत करना पड़ा। ध्रुव चरित्र में ध्रुव द्वारा पिता से उपेक्षा एवं सौतेली माता से तिरस्कार मिलने पर आत्मसम्मान के लिए तपस्या मार्गी होने का सारगर्भित वर्णन किया। चौथे दिन की कथा में राजा हरिश्चंद्र, तारामती व रोहित कुमार की कथा वर्णन में मातृत्व शक्ति, पतिव्रता धर्म व उनकी विवशता को प्रतिबिंबित करते हुए पति व पुत्र के प्रति प्रतिबद्धता को भावपूर्ण ढंग से बताया तो समूचा पंडाल रो पड़ा था और श्रोतागण भावविभोर होकर रोने लगे। क्षीरसागर के अमृत मंथन में भगवत अवतार व अमृतपान के लिए योग्य होने धर्मावलंबी होना आवश्यक निरूपित किया। वामन अवतार की कथा में पं.रूपेश महाराज ने भगवत और भक्ति की पराकाष्ठा को वामन स्वरूप से 3 पग जमीन की कथा के माध्यम से रोचक ढंग से बताया। उन्होंने मानव जीवन अभिमान रहित निर्वहन करने धर्मकर्म से जुड़े रहने की अपील की। बालकृष्ण मानस परिवार बलौदाबाजार की भजन मंडली के सुमधुर भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

कथा में 5 व 6 वें दिन राम व कृष्ण जन्म एवं श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह का सजीव वर्णन झांकी के माध्यम से किया गया। इस दौरान भजनों की प्रासंगिक प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं दहीलूट से बाललीला का वर्णन किया। 56 भोग का महत्व बताते हुए रासलीला को चित्रांकित किया, वहीं श्रीकृष्ण के बारात में सभी बाराती जमकर थिरके।

# छुईखदान नगर में 'जीएसटी 2.0 उत्सव' की धूम : मोदी सरकार की टैक्स रियायतें बनी त्योहारी सौगात



छुईखदान (दावा)। केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) सुधार 2.0 के तहत दी गई नई टैक्स रियायतों को आम जनता के लिए त्योहारी उपहार बताते हुए, छुईखदान नगर में बुधवार को जीएसटी 2.0 उत्सव मनाया गया। यह जनसंपर्क अभियान भाजपा मंडल परिवार द्वारा चलाया गया। जिसमें पदाधिकारियों ने बाजारों में पहुंचकर लोगों को नई कर नीति की जानकारी दी और हर घर स्वदेशी का आह्वान किया।

### बाजारों में पहुंचा भाजपा परिवार

प्रदेश एवं जिला भाजपा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के निर्देशानुसार, छुईखदान मंडल भाजपा ने नगर के मुख्य बाजार लाइन, सब्जी मार्केट और प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में यह अभियान चलाया। भाजपा पदाधिकारियों ने दुकानदारों, ग्राहकों और आम नागरिकों को केंद्र सरकार की नई कर नीति, टैक्स कटौती एवं स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन संबंधी जानकारियां दी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों को नवरात्रि, जीएसटी उत्सव, दशहरा और दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की जानकारी साझा की। उन्होंने दुकानदारों को मोदी सरकार का पत्रक देकर बधाई दी और जीएसटी 2.0 उत्सव के तहत दी गई राहतों से अवगत कराया।

### प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति

इस अभियान में मुख्य रूप से नवनियुक्त जिला भाजपा महामंत्री नवनीत सतीष जैन, मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर, जिला मंत्री ज्ञान यादव, मंडल महामंत्री रोशन चंद्राकर व बलराम जंघेल, कार्यक्रम संयोजक संदीप महोबिया, पार्षद पन्ना मंडावी, महावीर जैन, शुभम विश्वास सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

भाजपाइयों ने नगरवासियों से अपील की कि वे स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं के संकल्प को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जिससे स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिले। व्यापारी वर्ग ने भी सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए इसे व्यापार को सरल और ग्राहकों को राहत देने वाला बताया। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम के उद्घोष के साथ किया गया।

### नेताओं के वक्तव्य

**नेताओं ने जीएसटी 2.0 को आम जनता के लिए बड़ी राहत बताया**

**नवनीत सतीष जैन,** जिला महामंत्री भाजपा केसीजी : डबल इंजन सरकार का लक्ष्य हर वर्ग तक विकास और राहत पहुंचाना है। यही जीएसटी 2.0 का वास्तविक संदेश है।

**भावेश कोचर,** मंडल भाजपा अध्यक्ष छुईखदानः हर घर स्वदेशी-हर दुकान स्वदेशी-हर परिवार स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बने।

**संदीप महोबिया,** कार्यक्रम संयोजक : जीएसटी 2.0 उत्सव ने हर आम देशवासियों के त्यौहारों की खुशियों में इजाफा किया।

# विधायक ने ग्राम ठाकुरटोला में सीसी रोड का भूमिपूजन किया



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। ग्राम पंचायत बेलगांव के समीप स्थित ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में विधायक द्वारा सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा कमजोरों की सुविधा को ध्यान में रखकर बनने वाले सीसी मार्ग के लिए 7 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति दी है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्रीमती बघेल ने कहा कि मेरे विधानसभा के प्रत्येक गांव का विकास हो, यही मेरी कोशिश रहेगी। आप स्वीकृत कार्य का गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कराए। इस अवसर पर सरपंच घनाराम चंद्रवंशी जिला महामंत्री चुंबन दास साहू उप सरपंच कविता वर्मा मेनका वर्मा नीरू दास मानिकपुरी धर्मेंद्र चंद्रवंशी वीरेंद्र निषाद लक्ष्मी बाई तिलक वर्मा भूपेंद्र वर्मा मोहन रजक देव प्रसाद वर्मा मोतीलाल वर्मा बड़ी एवं संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आज भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का खैरागढ़ में प्रथम आगमन



**विशाल बाइक रैली के साथ होगा भव्य स्वागत, युवा मोर्चा करेगा संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन**

खैरागढ़ (दावा)। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा आज एक दिवसीय प्रवास पर संगीत नगरी खैरागढ़ पहुंच रहे हैं। उनके प्रथम आगमन को लेकर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) जिला भाजयुमो के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जोश की लहर दौड़ गई है। कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में जुटे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य युवा जोश और संगठन शक्ति का प्रदर्शन करना है।

### शनि मंदिर से निकलेगी विशाल बाइक रैली

नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का संगीत नगरी आगमन पर धरमपुरा स्थित शनि मंदिर से भव्य स्वागत सत्कार शुरू होगा। गुरुवार 9 अक्टूबर को सुबह 10 बजे शनि मंदिर दर्शन के पश्चात भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह 'बोनी' की अगुवाई में एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। बाइक रैली के बहाने भाजयुमो के नेता जिले में अपनी संगठनात्मक ताकत और युवाओं की एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे।

### जिला कार्यालय में देंगे अध्यक्षीय उद्बोधन

रैली जब नगर पालिका परिषद चौक पर पहुंचेगी। वहां श्री टिकरिहा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद बाइक रैली जिला भाजपा कार्यालय पहुँचेगी। जिला कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। स्वागत उपरांत राहुल टिकरिहा अध्यक्षीय उद्बोधन देंगे और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि और युवा मोर्चा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। जिला भाजयुमो ने पूरे जिले के मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से पूर्ण उत्साह और अनुशासन के साथ उपस्थित होकर संगठन की शक्ति का प्रदर्शन करने का आह्वान किया है।

# रामधुनी आयोजन में पहुंची जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, श्रीराम की पूजा की व सामुदायिक भवन बनाने घोषणा की



छुरिया(दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घुपसाल (कु) पहुंची। जहां वह रामधुनी प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियों की खुशहाली की कामना की। साथ ही ग्रामवासियों की मांग पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि रामधुनी जैसे धार्मिक आयोजन में भाग लेना मेरे लिए बड़ी सम्मान की बात है। इस तरह के धार्मिक आयोजन से सामाजिक एकता और सदभाव बढ़ता है। ऐसे आयोजन से भाईचारे का संदेश समाज में जाता है व पूरे ग्रामवासी एक साथ मिलकर जुलकर भक्तिमय श्री राम जी का कथा का श्रवण करते हैं।

श्रीमती वैष्णव ने कहा कि भगवान श्री राम जी का जीवन से हम सभी को सीख लेना चाहिए कि पिता व वचन निभाने 14 वर्षो के लिए वनवास चले गये। भरत जैसे भाई का त्याग व माता सीता की तपस्या इन सभी को अपने जीवन में उतारने से हमारा जीवन सार्थक हो जायेगा। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि और कलयुग में तो भगवान श्री राम जी का नाम ही आधार है। रामायण में भी कहा गया है राम से बड़ा राम का नाम है। पत्थर में वानर सेना के द्वारा सेतु निर्माण के समय राम नाम लिखकर पत्थर समुद्र में डालने लगे तो वो पत्थर पानी में तैरने लगे। भगवान श्री राम जी आप सभी को मनोकामना पूर्ण करे। श्रीमती वैष्णव ने ऐसे धार्मिक आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही इस अवसर सीमा चन्द्रंवशी सरपंच भंडारपुर, कंसुराम यादव अध्यक्ष सर्किल यादव समाज, द्वारका प्रसाद नायक ग्राम प्रमुख, नमु सहारे, शत्रुघ्न साहू, हेमंत रावटे, रामचंद्र पडौती, राजनाथ चंन्द्रंवशी, केशव भारती साहू, राम सिंह समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू का अंबागढ़ चौकी में भव्य स्वागत



**आत्मनिर्भर भारत का दिया संदेश, बोले- कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी, हर पात्र व्यक्ति को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक अशोक साहू के जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के मंडल अम्बागढ़ चौकी में आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के जिले एवं सभी मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका ज़ोरदार स्वागत किया। अंबागढ़ चौकी के साहू धर्मशाला में आयोजित बैठक में सभी जिला एवं मंडल के सभी पदाधिकारियों मदन साहू पूर्व जिला अध्यक्ष, अनिल गुप्ता एवं नरसिंह भंडारी जिला महामंत्री, अरुण यादव जिला अध्यक्ष ओबीसी, ढालसिंह कौशिक जिला उपाध्यक्ष, नेहरू रजक जनपद सदस्य, आशीष द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष, अंबागढ़ चौकी, संदीप साहू मंडल अध्यक्ष कौड़ीकसा, अमित श्रीवास्तव मोहला मंडल अध्यक्ष, कमल तापड़िया गोटाटोला मंडल अध्यक्ष, प्रकाश मिश्रा मानपुर मंडल अध्यक्ष सहित सभी मंडल के महामंत्री कार्यकर्ताओं, सहित महिला मोर्चा के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अशोक साहू सहित श्रीमती गीता घांसी साहू, खिलावन साहू, सहित सभी अतिथियों का पुष्प माला एवं पार्टी के गमछे से स्वागत किया साथ ही जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा के अनुपस्थिति में जिला अध्यक्ष के आदेशानुसार जिला कोषाध्यक्ष राजेश गुजराती द्वारा श्रीफल एवं शाल से अशोक साहू का जोरदार स्वागत किया ।इस अवसर पर सभी ओबीसी समाज के कार्यकर्ता सहित पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी,भारत भूषण राजपूत, पवन गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, वरिष्ठ कार्यकर्ता अज्जू, देनारायण कुंभकार, किशोर अदभैया, चुरेंद्र, अम्बर जोशी सहित सभी कार्यकर्ताओं ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और भारी संख्या में कार्यकर्ता ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अशोक साहू ने साहू धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और केंद्र व राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुँच रही हैं, और यह सुनिश्चित करना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से समाज के कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण हो रहा है। अपने प्रभावशाली भाषण में उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की एक ठोस रणनीति है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी बल दिया, और कहा कि इससे हमारे स्थानीय कारीगरों और छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक के दौरान, सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के विचारों से सहमति जताते हुए पार्टी के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एकजुटता से काम करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की तैयारी पर भी चर्चा की। इसके पश्चात अशोक जी मीडिया से भी रूबरू हुए जिसमें उन्होंने संगठन को मजबूत एवं आत्म निर्भर की बात करते हुए सबको धन्यवाद दिया।

# सरपंच ने अछोली-मोतीपुर मुख्य मार्ग में ब्रेकर का निर्माण कर सुरक्षित आवागमन हेतु प्रयास किया



डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अछोली में मोतीपुर-डोंगरगढ़ पदयात्री मार्ग में गाड़ियों के रफ्तार को कम करने के लिए ग्राम अछोली के सरपंच नंदकुमार साहू की पहल पर पुराना अछोली स्लीपर फैक्ट्री होते हुए मां बमलेश्वरी देवी के मंदिर जाने वाले पद यात्री मार्ग पर स्लीपर फैक्ट्री डोंगरगढ़ के द्वारा स्पीड ब्रेकर लगाया गया।

ज्ञात हो की नवरात्रि के पहले दिन पुराना अछोली के रमन चौक पर सरपंच नंदकुमार साहू का एक बाइक सवार द्वारा जोरदार टक्कर मार गया था। जिसके चलते सरपंच के कंधों में काफी चोटे लगी थी, जिसको लेकर सरपंच नंदकुमार साहू ने पुराना अछोली से गुजरने वाले पदयात्रा मार्ग पर लगाने के लिए शासन प्रशासन से मांगे तेज कर दी थी। जिसके चलते स्लीपर फैक्ट्री डोंगरगढ़ के द्वारा उक्त पदयात्री मार्ग में स्पीड ब्रेकर बनाया गया। जिसके लिए पंचायत प्रतिनिधि एवं सरपंच ने आभार व्यक्त किया है।

# पहला कॉलम...

## आरबीआई ने रद्द किया जीजामाता महिला सहकारी बैंक का लाइसेंस

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को जीजामाता महिला सहकारी बैंक, सतारा (महाराष्ट्र) का लाइसेंस रद्द कर दिया। आरबीआई ने सहकारी बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावना न होने की वजह से ये बड़ा कदम उठाया। सहकारी बैंक का बैंकिंग लाइसेंस पहले 30 जून, 2016 को एक आदेश के जरिए रद्द कर दिया गया था और बैंक की अपील पर 23 अक्टूबर, 2019 को बहाल कर दिया गया था। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि अपीलीय प्राधिकरण ने निर्देश दिया कि बैंक की वित्तीय स्थिति का आकलन करने के लिए वित्त वर्ष 2013-14 के लिए बैंक का फोरेंसिक ऑडिट किया जाए। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक फोरेंसिक ऑडिटर नियुक्त किया था, लेकिन बैंक के असहयोग के कारण ऑडिट पूरा नहीं हो सका। रिजर्व बैंक ने लाइसेंस रद्द करते हुए कहा, च्आकलन के अनुसार बैंक की वित्तीय स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।ज्ज् बैंक 7 अक्टूबर, 2025 को कारोबार की समाप्ति से बैंकिंग व्यवसाय बंद कर दिया है। महाराष्ट्र के सहकारी समितियों के पंजीयक से बैंक को बंद करने और बैंक के लिए परिसमापक नियुक्त करने का भी अनुरोध किया गया है।

## दो ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को आईपीएल फ्रेंचाइजी ने दिया ऑफर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के दो क्रिकेटरों ने साल भर फ्रेंचाइजी टी20 टूर्नामेंट खेलने के शानदार ऑफर को ठुकरा दिया। एक आईपीएल फ्रेंचाइजी ने दोनों को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट छोड़ने के लिए 58-58 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों क्रिकेटरों ने इस ऑफर को मना कर दिया। द एज की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और कप्तान पैट कमिंस को एक आईपीएल फ्रैंचाइजी ने अनौपचारिक रूप से विभिन्न टी20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों में खेलने के लिए सालाना 10 मिलियन डॉलर (लगभग 58.2 करोड़ रुपये) की पेशकश की थी। द एज ने आगे लिखा कि कमिंस और हेड दोनों ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख टी20 क्रिकेट लीग, बिग बैश लीग का निजीकरण कर दिया गया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा पूंजी जुटाई जा सके और खिलाड़ियों का वेतन बढ़ाया जा सका।रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, राज्य संघों और खिलाड़ियों के बीच इस बारे में चर्चा हुई है। हालांकि, अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल मेगा नीलामी से पहले ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान को 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 2024 की आईपीएल नीलामी में 20.5 करोड़ रुपये में साइन किया था, लेकिन पिछले साल उनकी सैलरी में कटौती की गई थी। कमिंस सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान भी हैं।

## पैट कमिंस एशेज सीरीज से बाहर! स्टीव स्मिथ फिर संभाल सकते हैं कप्तानी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को एशेज सीरीज 2025 से पहले बड़ा झटका लगा है. टीम के कप्तान और स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस के पूरे सीजन से बाहर होने का खतरा बढ़ गया है. हाल ही में कराए गए मेडिकल स्कैन में पता चला है कि उनकी पीठ की चोट पूरी तरह ठीक नहीं हुई है, जिसके चलते अब उनके एशेज के शुरुआती टेस्ट ही नहीं, बल्कि पूरी सीरीज से बाहर होने की संभावना जताई जा रही है. ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते कराए गए ताजा स्कैन में यह बात सामने आई है कि कमिंस की पीठ में मौजूद स्ट्रेस हॉट स्पॉट अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है, जिसके चलते डॉक्टरों ने उन्हें मैदान पर जाने की अनुमति नहीं दी है. ऐसे में 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट में उनके खेलने की संभावना लगभग खत्म हो गई है.सूत्रों की मानें तो कमिंस की रिकवरी में अभी कुछ हफ्ते और लग सकते हैं.

## शेयर बाजार में 4 दिनों की तेजी पर विराम, लुढ़के सेंसेक्स-निफ्टी

नई दिल्ली। लगातार चार दिनों तक तेजी दिखाने के बाद हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन (गुरुवार) घरेलू शेयर बाजारों में मुनाफावसूली का दौर देखने को मिला. निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तरों पर मुनाफा निकालने के कारण बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ. बीएसई सेंसेक्स 153.09 अंक यानी 0.19 प्रतिशत टूटकर 82,000 के नीचे, 81,773.66 अंक पर बंद हुआ. वहीं, निफ्टी 50 सूचकांक भी 62.15 अंक यानी 0.25 प्रतिशत गिरकर 25,046.15 अंक पर आ गया. हालांकि, कारोबार के दौरान शुरुआती सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में हल्की तेजी देखी गई थी, लेकिन बाद में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से बाजार की बढ़त टिक नहीं पाई.सेंसेक्स में शामिल प्रमुख गिरावट वाले शेयरों में- टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, सन फार्मा, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल रहे. वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में – टाइटन, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा शामिल हैं.

# ऑस्ट्रेलिया ने 107 रन से जीता मैच, पाकिस्तान ने लगाई हार की हैट्रिक; आखिरी स्थान पर पहुंची टीम





कोलंबो। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पाकिस्तान को 107 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बुधवार को कोलंबो में खेले गए महिला विश्व कप के नौवें मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी की शतकीय और एलाना किंग की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 36.3 ओवर में सिर्फ 114 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। फातिमा सना के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की महिला टीम की यह इस महिला विश्व कप में लगातार तीसरी शिकस्त है। इससे पहले उसे भारत (88 रन) और बांग्लादेश (सात विकेट) की टीमों ने शिकस्त दी थी। मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार तीसरी हार के साथ पाकिस्तान की टीम अंक तालिका में आखिरी (आठवें) स्थान पर पहुंच गई। वहीं, तीन में से दो मुकाबले जीतकर और एक मैच रद्द होने की वजह से पांच अंक लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष स्थान पर है। भारतीय टीम दो मैचों में चार अंक लेकर तीसरे पायदान पर है। ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पाकिस्तान की स्पिन गेंदबाजी ने शुरुआती झटकों से कंगारू बल्लेबाजों को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया। नाशरा संधू (3/37) और सादिया इकबाल (2/34) ने मिलकर ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को धराशायी कर दिया। महज 22वें ओवर तक स्कोरबोर्ड 76 पर 7 विकेट दिखा रहा था और ऐसा लग रहा था कि टीम 150 तक भी नहीं पहुंच पाएगी। लेकिन इसी मुश्किल घड़ी में बेथ मूनी ने एक बार फिर अपना क्लास दिखाया। उन्होंने पहले विकेटों के पतझड़ के बीच डटकर बल्लेबाजी की और फिर निचले क्रम की साथी एलाना किंग के साथ मिलकर मैच का रुख पलट दिया। मूनी ने 114 गेंदों में 109 रन की शानदार शतकीय पारी खेली, जिसमें 11 चौके शामिल थे। वहीं एलाना किंग ने 49 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाकर उनका भरपूर साथ दिया। दोनों ने मिलकर नौवें विकेट के लिए 106 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो महिला वनडे इतिहास में 9वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी बनी। इन दोनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 221 रन बनाए। एक समय जो टीम संकट में थी, वहीं अंत में प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

# ओलंपिक पदक विजेता अमन सेहरावत पर लगा एक साल के लिए बैन

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले रेसलर समन सेहरावत को एक साल के लिए निलंबित कर दिया है। इस बैन का ऐलान होने के साथ अमन अगले एक साल तक रेसिलंग से जुड़ी किसी भी गतिविधि में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अमन ने जब पिछले साल पेरिस में हुए ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था तब वह सबसे कम उम्र में ओलंपिक मेडल जीतने वाले भारतीय बन गए थे। अमन ने सिर्फ 21 साल 24 दिन की उम्र में ओलंपिक मेडल अपने नाम किया था।

अमन सेहरावत को एक साल के लिए कुश्ती से बैन करने का फैसला भारतीय कुश्ती महासंघ ने सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में उनके बिना खेले ही बाहर होने के बाद उठाया है। दरअसल अमन जिनको पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लेना था वह इवेंट के एक दिन पहले निर्धारित वजन सीमा से 1.7 किलो अधिक वजन पाये जाने के कारण बिना खेले ही अयोग्य करार दे दिए गए। समाचार एजेंसी पीटीआई की खबर के अनुसार डब्ल्यूएफआई ने अमन को बैन करने के साथ उन्हें एक पत्र भी भेजा है, जिसमें लिखा कि आपको कारण बताओ नोटिस की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती से जुड़ी सभी गतिविधियों से निलंबित किया जाता है। यह निर्णय अंतिम है। निलंबन की अवधि के दौरान आपको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित या स्वीकृत किसी भी गतिविधि में भाग लेने या उससे जुड़ने से प्रतिबंधित किया जाता है।

# भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच 10 को



नई दिल्ली। 10 अक्टूबर से भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच खेला जाएगा। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच में वेस्टइंडीज के पास 31 साल के सूखे को खत्म करने का मौका होगा। दरअसल वेस्टइंडीज ने भारतीय सरजमीं पर आखिरी बार टेस्ट मैच 1994 में जीता था। उस वक्त वेस्टइंडीज के कप्तान कर्टनी वाल्श थे। वाल्श की कप्तानी में वेस्टइंडीज ने उस मैच में भारत को 243 रनों से हराया था।

मोहाली में खेले गए उस टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 443 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम भी पहली पारी में 387 रन बनाने में रही।

वेस्टइंडीज को पहली पारी के आधार पर 56 रन की बढ़त मिली थी। इसके बाद वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 301 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी और भारत के सामने 357 रन का टारगेट रखा था। भारतीय टीम दूसरी पारी में 114 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी और इस तरह से वेस्टइंडीज ने उस मैच को 243 रनों से अपने नाम किया।

1994 में खेले गए इस टेस्ट मैच में सचिन तेंदुलकर भी प्लेइंग ङ्गङ्ग का हिस्सा थे और उस वक्त मोहम्मद अजहरुद्दीन टीम इंडिया के कप्तान थे। सचिन उस मैच की दोनों पारियों में बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब नहीं हो सके थे। उस टेस्ट मैच की पहली पारी में सचिन ने 55 गेंदों में 40 रन की पारी खेली थी और इस दौरान उन्होंने 9 चौके लगाए थे। वहीं दूसरी पारी में सचिन ने 24 गेंदों में 10 रन बनाए थे। भारत की तरफ से उस मैच में एकमात्र शतक मनोज प्रभाकर के बल्ले से आया था। उन्होंने पहली पारी में 275 गेंदों में 120 रन बनाए थे।

गेंदबाजी की बात करें तो वहां भारत के लिए पहली पारी में अनिल कुंबले 4 विकेट हॉल लेने में कामयाब रहे थे। वहीं वेंकटपथी राजू ने पहली पारी में 3 और जवागल श्रीनाथ ने पहली पारी में दो विकेट लिए थे।

# पाकिस्तान में तालिबान ने किया बड़ा अटैक, कर्नल और मेजर समेत 11 सैनिकों की हुई मौत



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की आर्मी पर बड़ा हमला हुआ है। इस हमले में लेफ्टिनेंट कर्नल, मेजर समेत 11 सैनिक मारे गए हैं। यह हमला खैबर पख्तूनख्वा के ओरकजई प्रांत में हुआ है। पाकिस्तान तालिबान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (ढ्ढस्क्क्र) ने एक बयान में कहा कि यह अभियान 7-8 अक्टूबर की रात को ÷फितना अल-खवारिज÷ से जुड़े आतंकवादियों की कथित मौजूदगी पर, अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के ओरकजई जिले में सुरक्षा बलों द्वारा चलाया गया था। इस दौरान प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के 19 आतंकवादी भी मारे गए हैं।

फितना अल-खवारिज÷ शब्द प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकवादी समूह के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई है। बयान में आगे कहा गया है कि इलाके में किसी भी अन्य आतंकवादी को खत्म करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) की ओर से जारी नए आंकड़ों के अनुसार, 2025 की तीसरी तिमाही में खैबर पख्तूनख्वा देश का सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्र था। हिंसा से जुड़ी कुल मौतों में से लगभग 71 प्रतिशत (638) यहीं हुईं और हिंसा की 67 प्रतिशत (221) से अधिक घटनाएं यहीं हुईं। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान अफगानिस्तान के साथ साझा करते हैं। बता दें कि, टीटीपी की जड़ें अफगानिस्तान के तालिबान आंदोलन से जुड़ी हुई हैं, लेकिन यह संगठन स्वतंत्र रूप से पाकिस्तान में सक्रिय रहा है। इसकी स्थापना बैतुल्लाह महसूद ने की थी, जो दक्षिण वजीरिस्तान के प्रभावशाली नेता थे। संगठन कई छोटे-बड़े गुटों का गठजोड़ है। 2020 के बाद टीटीपी ने कई बिखरे हुए गुटों को फिर से एकजुट किया है।

# टाटा संस में पद को लेकर विवाद गहराया, गृह मंत्री और वित्त मंत्री से मिले नोएल टाटा और एन. चंद्रशेखरन

नई दिल्ली। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन समेत टाटा ग्रुप के टॉप अधिकारियों ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। ये मुलाकात बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की नियुक्तियों और कॉरपोरेट ऑपरेशन्स से जुड़े मुद्दों पर ट्रस्टी के बीच जारी विवाद को लेकर हुई। नोएल टाटा और चंद्रशेखरन, टाटा ट्रस्ट के वाइस प्रेसिडेंट वेणु श्रीनिवासन और ट्रस्टी डेरियस खंबाटा के साथ शाम को अमित शाह के आवास पर मीटिंग के लिए पहुंचे। सीतारमण भी गृह मंत्री के आवास पर बैठक में शामिल हुईं।

टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी के बीच जारी विवादों से 180 अरब डॉलर से ज्यादा के इस ग्रुप के कामकाज पर असर पड़ने का खतरा है। टाटा ट्रस्ट की नमक से लेकर सेमीकंडक्टर तक बनाने वाले ग्रुप के प्रोमोटर और होल्डिंग कंपनी टाटा संस में लगभग 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सूत्रों ने बताया कि टाटा ट्रस्ट में दो गुट हैं, एक हिस्सा नोएल टाटा के साथ जुड़ा है, जिन्हें रतन टाटा के निधन के बाद ट्रस्ट का चेयरमैन बनाया गया था। चार ट्रस्टी के दूसरे गुट का नेतृत्व मेहली मिस्त्री करते हैं, जिनका संबंध शापूरजी पलोनजी परिवार से है। शापूरजी पलोनजी परिवार के पास टाटा संस में लगभग 18.37 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मिस्त्री को कथित तौर पर लगता है कि उन्हें महत्वपूर्ण मामलों से दूर रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि विवाद का मुख्य बिंदु टाटा संस के बोर्ड में पद को लेकर है, जो 156 साल पुराने ग्रुप को कंट्रोल करता है। इस ग्रुप में 30 लिस्टेड कंपनियों समेत लगभग 400 कंपनियां शामिल हैं। टाटा ट्रस्ट, टाटा संस और वेणु श्रीनिवासन ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और मेहली मिस्त्री की टिप्पणी खबर लिखे जाने तक नहीं मिल सकी थी।

# अब बिना कैंसिल किए बदल सकेंगे कन्फर्म टिकट की यात्रा तारीख



नई दिल्ली। ट्रेन से यात्रा की योजनाएं कई बार अचानक बदल जाती हैं, और ऐसे में टिकट कैंसिल कर नया बुक करना यात्रियों के लिए सिरदर्द बन जाता है। लेकिन अब राहत की खबर है। भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है, जिसमें यात्री अपने कन्फर्म टिकट की यात्रा तारीख बदल सकेंगे, वो भी बिना किसी अतिरिक्त चार्ज के।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एनडीटीवी से बातचीत में बताया कि यह नई सुविधा जनवरी 2026 से लागू की जाएगी। फिलहाल, अगर किसी को यात्रा की तारीख बदलनी होती है तो उसे टिकट कैंसिल कर दोबारा टिकट खरीदना पड़ता है। इस प्रक्रिया में कैंसिलेशन के रूप में काफी पैसे कट जाते हैं, जो यात्रियों के लिए महंगी और असुविधाजनक साबित होती है। रेल मंत्री ने कहा, यह सिस्टम यात्रियों के हित में नहीं था। इसलिए हमने तय किया है कि अब टिकट बिना कैंसिल किए ही तारीख बदली जा सकेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया है कि नई तारीख पर सीट की उपलब्धता पर ही बुकिंग की जाएगी। यानी अगर उस दिन ट्रेन फुल है, तो नया टिकट कन्फर्म नहीं होगा। वहीं अगर नई तारीख का किराया ज्यादा है, तो यात्री को किराए का अंतर अपनी जेब से देना होगा। यह कदम उन लाखों यात्रियों को राहत देगा जो किसी कारणवश अपनी यात्रा स्थगित या आगे बढ़ाना चाहते हैं लेकिन भारी कैंसिलेशन चार्ज के कारण ऐसा नहीं कर पाते।

### अभी क्या है नियम?

मौजूदा नियमों के तहत, कन्फर्म टिकट को अगर यात्रा से 48 से 12 घंटे पहले कैंसिल किया जाए, तो 25 प्रतिशत किराया कट जाता है।अगर 12 से 4 घंटे पहले टिकट रद्द किया जाता है, तो कटौती और बढ़ जाती है। चार्ट बनने के बाद तो रिफंड नहीं होता है। नई नीति लागू होने के बाद, यात्री बिना रद्द किए ही टिकट की तारीख आगे या पीछे कर सकेंगे, जिससे न केवल समय बचेगा बल्कि पैसे की भी बचत होगी।

रेलवे की यह पहल देशभर में करोड़ों यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, खासकर त्योहारों या आपात स्थितियों में जब यात्रा योजनाएं अक्सर बदल जाती हैं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**पीएम ने नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट....**

कहा कि हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज का भारत दमदार जवाब देता है और घर में घुसकर मारता है। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है। मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ-साथ भारत के सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। इसलिए, 2008 में आतंकियों ने मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। लेकिन तब जो कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, उसने कमजोरी का संदेश दिया और आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए। पीएम मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि आपसे निवेदन है, स्वदेशी अपनाइए। गर्व से कहिए, यह स्वदेशी है। यह हर घर और हर बाजार का मंत्र होना चाहिए। हर देशवासी स्वदेशी सामान घर लाएगा, स्वदेशी सामान उपहार में देगा। इससे देश का पैसा देश में ही लगेगा। इससे भारत के श्रमिक को काम मिलेगा और नौजवानों को रोजगार मिलेगा। कल्पना कीजिए, जब पूरा भारत स्वदेशी अपनाएगा तो भारत का सामर्थ्य कितना बढ़ जाएगा।

**अब भारत घुसकर मारता है....**

के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसकी अहमियत को रेखांकित करते हुए कहा, इस नए एयरपोर्ट से महाराष्ट्र के किसान यूरोप और पश्चिम एशिया के सुपरमार्केट से भी जुड़ पाएंगे। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने भी केंद्र सरकार से तीखे सवाल किए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 30 सितंबर 2025 को जारी ताजा अधिसूचना में पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, ओमान, तुर्किए और इस्राइल जैसे देशों के नाम भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा, देखिए, कूटनीतिक माहौल कितनी जल्दी बदलता है और कूटनीतिक झटके कितनी तेजी से बढ़ते हैं। कांग्रेस महासचिव ने दोनों अमेरिकी अधिसूचनाओं की प्रतियों साझा करते हुए कहा कि यह भारत की विदेश नीति की असफलता का संकेत है।

**आजम खां से मिले अखिलेश यादव....**

पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों (पीडीए वर्ग) को लगातार अपमानित किया जा रहा है। मीडिया ने पूछा कि क्या अब दोनों के बीच की दूरी खत्म हो गई है, तो आजम ने मुस्कुराते हुए कहा कि आपको यह खबर कहां से मिली। अखिलेश यादव ने दोहराया कि समाजवादी पार्टी अपने वरिष्ठ नेता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आजम खां ने मौलाना जौहर यूनिवर्सिटी के माध्यम से समाज के लिए बहुत काम किया, लेकिन सत्ता में बैठे लोग समाज की अच्छाई को नष्ट करना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने भरोसा जताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में राज्य में बदलाव होगा और जनता की आवाज़ फिर उठेगी। यह दोनों नेताओं की मुलाकात जेल से आजम खां की रिहाई के बाद पहली बार हुई। अखिलेश यादव लखनऊ से बरेली पहुंचे, फिर वहां से हेलीकॉप्टर के जरिए मौलाना जौहर यूनिवर्सिटी के हेलीपैड पर उतरे, जहां आजम खां ने स्वयं उनका स्वागत किया।

**ममता बोलीं- कार्यवाहक पीएम जैसा....**

पर प्राकृतिक आपदा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सियासत करने के आरोप लगा चुकी हैं। बंगाल की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए बुधवार को भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को प्रदेश की कानून व्यवस्था पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी के कार्यकाल में पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा संस्थागत, सामान्य और वैध बन चुकी है। कल्पना कीजिए, कानून-व्यवस्था की क्या स्थिति होगी, जब एक सांसद और एक विधायक भी सुरक्षित नहीं हैं। पूनावाला ने कहा, यह न भूलें कि 6 जनवरी 2024 को, तृणमूल कांग्रेस की भीड़ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों पर भी हमला किया था। उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन- INDIA में शामिल दलों के विचारधारा पर भी सवाल किए। बकौल पूनावाला, विपक्षी गठबंधन का आक्रोश चुनिंदा है। वे आदिवासी समुदायों के बारे में भी केवल उस समय बोलते हैं जब मुद्दा उनके राजनीतिक एजेंडे के अनुकूल हो। विपक्षी गठबंधन वाली सरकारों के अधीन होने वाली घटनाओं पर वे चुप्पी साध लेते हैं। यह एक चलन बन चुका है। उन्होंने कहा, मार्च में एक आदिवासी समुदाय के भाजपा नेता पर हमला हुआ। अप्रैल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार में मंत्री और मौजूदा तृणमूल विधायक अखिल गिरि भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ शर्मनाक और अस्वीकार्य टिप्पणी कर चुके हैं। शहजाद पूनावाला ने रवींद्रनाथ टैगोर की कविता का जिक्र करते हुए कहा, हम पश्चिम बंगाल को इस रूप में जानते हैं, जैसा टैगोर ने कहा था- जहां मन भयमुक्त हो और सिर ऊंचा हो। उन्होंने कहा कि भारत और बंगाल के लिए टैगोर के इस दृष्टिकोण से उलट आज ममता बनर्जी के शासन में, बंगाल के लोगों का मन भय से भरा है, सिर ऊंचा नहीं है, बल्कि टूटने का खतरा है। भाजपा नेता ने कहा, आज पश्चिम बंगाल में टीएमसी का शासन नहीं, यह तालिबानी मानसिकता और संस्कृति से संचालित सरकार है।

**आरकेएम पावर प्लांट में बड़ा....**

लगे हुए थे। पुलिस मौके पर मौजूद है, स्थिति नियंत्रण में है। हादसे की खबर फैलते ही प्लांट में कार्यरत मजदूरों में भारी आक्रोश फैल गया। एहतियातन डभरा पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। इस हादसे मृतक की पहचान अंजनी कुमार, मिश्रीलाल, रविंद्र कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायलों में बबलू प्रसाद गुप्ता, राम सिंह, विजय सिंह, संजय कुमार, राम केश, रतन, बलराम शामिल हैं।

**भारत दौरे पर ब्रिटेन के पीएम...**

पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेता विजन 2035 रोडमैप के तहत भारत-यूके की व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे। यह योजना अगले दस वर्षों में व्यापार, निवेश, नवाचार, रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और जलवायु जैसे क्षेत्रों पर फोकस करेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर भी चर्चा करेंगे, जिसे दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी का केंद्रीय स्तंभ माना जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा। स्टार्मर और मोदी दोनों मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के छठे संस्करण में भी भाग लेंगे। यहां वे दुनिया भर के नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं और निवेशकों से संवाद करेंगे। यह दौरा भारत-यूके रिश्तों के नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है, जिसमें व्यापार और रणनीतिक सहयोग को अगले स्तर पर ले जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

**जापान-ऑस्ट्रेलिया और यूएस के.....**

और मेटल दोनों से मिलकर बने होते हैं, इनका उपयोग केमिकल प्रोसेस में सहयोग, गैस को जोड़े रखने और कार्बन डाइऑक्साइड को हवा में से हटाने के लिए किया जाता है। इन शोधकर्ताओं को पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को एक समारोह में औपचारिक रूप से स्टॉकहोम में प्रदान किया जाएगा। बता दें कि 1901 से 2024 के बीच 195 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को 116 बार रसायन के लिए यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। गौरतलब है कि अल्फ्रेड नोबेल एक धनी स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक थे और उन्होंने ही इन पुरस्कारों की स्थापना की थी।

**शराब घोटाला मामला: चैतन्य बघेल को....**

ईडी की जांच में पता चला है कि चैतन्य बघेल को शराब घोटाले के 16.70 करोड़ रुपए मिले हैं। उन्होंने इस पैसे का इस्तेमाल अपनी रियल एस्टेट फर्मों में किया है। इस पैसे का उपयोग उनके प्रोजेक्ट के ठेकेदार को नकद भुगतान, नकदी के खिलाफ बैंक प्रविष्टियों आदि के माध्यम से किया गया था। उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के साथ भी मिलीभगत की और अपनी कंपनियों का उपयोग एक योजना तैयार करने के लिए किया, जिसके अनुसार उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने विठ्ठलपुरम प्रोजेक्ट में फ्लैटों की खरीद की आड़ में अप्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ रुपये प्राप्त किए। बैंकिंग ट्रेल है जो इंगित करता है कि लेन-देन की प्रासंगिक अवधि के दौरान त्रिलोक सिंह ढिल्लों ने अपने बैंक खातों में शराब सिंडिकेट से भुगतान प्राप्त किया।

**सीएम साय ने इसरो के वैज्ञानिकों से की भेंट.....**

की स्थापना को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। डॉ. देसाई ने मुख्यमंत्री को इसरो अहमदाबाद केंद्र के भ्रमण हेतु आमंत्रित किया और उन्हें इसरो द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए उपग्रहों तथा मिशन चंद्रयान की प्रतिकृतियाँ स्मृति स्वरूप भेंट कीं। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक के दौरान इसरो के वैज्ञानिकों की नजर जब भगवान मधेश्वर की तस्वीर पर पड़ी, तो वे उसे देखकर अभिभूत हो गए। जिज्ञासावश उन्होंने सीएम विष्णु देव साय से इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने बताया कि मधेश्वर पहाड़ जशपुर जिले में स्थित है, जहाँ भगवान शिव विशाल प्राकृतिक शिवलिंग स्वरूप में पूजे जाते हैं। स्थानीय लोग भगवान शिव के इस स्वरूप की अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थल न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है। बल्कि, छत्तीसगढ़ की समृद्ध प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी वैज्ञानिकों को भगवान मधेश्वर के छायाचित्र भेंटस्वरूप प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, राजस्व विभाग की सचिव रीना बाबा साहब कंगाले, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण विजय दयाराम के., संचालक भू-अभिलेख विनीत नंदनवार, इसरो के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. डी. के. पटेल, डॉ. दीपक कुमार सिंह, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र: प्रयोगशाला.....**

शत-प्रतिशत निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार ने नई औद्योगिक नीति को अपनाया है, जिसके माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस नई उद्योग नीति के तहत अब तक लगभग 7 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, और इनमें से कई प्रस्तावों के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का कार्य प्रारंभ भी हो गया है। इन उद्योगों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से राज्य की जनता को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व में पिछले 20 महीनों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ प्रत्येक विभाग की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री वर्मा ने नवचयनित प्रयोगशाला तकनीशियनों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी निश्चित रूप से अपने महाविद्यालयों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भी सराहना की और कहा कि मात्र तीन माह की अवधि में बिना किसी विवाद के तीन चरणों में संपूर्ण काउंसलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से पूर्ण करना अत्यंत सराहनीय उपलब्धि है।

# देश-विदेश की 63 टीमों की भागीदारी से प्रतियोगिता में बढ़ा रोमांच



डीपीएस राजनांदगांव ने शेमरॉक स्कूल को हराकर विजयी अभियान की शुरूआत की
० सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का चौथा दिन

राजनांदगांव (दावा)। डी.पी.एस. राजनांदगांव द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का रोमांच अपने चरम पर है। आज खेले गये अपने पहले लीग मैच में डी.पी.एस. राजनांदगांव की टीम ने शेमरॉक स्कूल कैथल हरियाणा को 49-20 अंको से परास्त कर अपना विजयी अभियान प्रारंभ किया। डी.पी.एस. राजनांदगांव की ओर से हिमांशु सिंह, सर्वज्ञ राव यशवंथ वोम्मरवल्ली,वीर अंबा, चिराग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने बताया कि 5 से 11 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्लस्टर की 63 विजेता टीमों सहित दुबई, कुवैत, मस्कट और ओमान की टीमें भी 14,17, एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में भाग ले रही है। कल खेले गये अपने पहले मैच में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने डेल्ही प्रायवेट स्कूल दुबई को 43-14 अंको से परास्त किया। इस मैच मे युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के शुभम सिंह, अभिषेक पाठक, रूहान, अनुराग, अनिरुद्ध एवं गणेश भंडारे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजयी बनाने मे महति भूमिका निभाई। आज खेले गये मैच में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने चेराक इंटरनेशनल स्कूल हैदराबाद को 81-36 अंको से परास्त किया।

अन्य मैचों के परिणाम इस प्रकार है -युनाईटेड इंडियन स्कूल कुवैत 39 अंक बनाम इंडियन स्कूल ओमान 37 अंक, आर.एल.एस. गुरूकुल सोलान हिमाचल प्रदेश 38 अंक बनाम जीडी मदर जमशेदपुर 25 अंक, जीईएमएस न्यू मिलिनियम 38 अंक बनाम मानव रचना इंटरनेशनल मोहाली 30 अंक, द शशिकुंज इंटरनेशनल 34 अंक बनाम द मान स्कूल 16 अंक, सनबीम सनसिटी वारानासी 41 अंक सिल्वर हिल स्कूल कलकट 17 अंक, रिलाइंस फाउंन्डेशन स्कूल 7 अंक बनाम द वेलामल स्कूल 27 अंक, आवर ओन स्कूल दुबई 39 अंक बनाम साई इंटरनेशनल स्कूल 40 अंक, नवरचना बड़ोदा 35 अंक बनाम सिल्वर हिल पब्लिक स्कूल 27 अंक, श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल झारखंड, 46 बनाम द वेलामल इंटरनेशनल स्कूल 67 अंक, विद्या ज्ञान स्कूल 38 अंक बनाम क्रीस्ट सीनियर स्कूल गुना 53 अंक, वेलामल चेन्नई 49 अंक बनाम एमजीएम बोकारों 13 अंक, आर्मी पब्लिक स्कूल कानपुर 32 अंक बनाम एसडी जैन मॉडर्न स्कूल सूरत 36 अंक, डीपीएस फरीदाबाद 61 अंक बनाम कारमल पब्लिक स्कूल केरल 82 अंक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के सफल संचालन में स्कूल के कोच, आयोजन समिति एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दर्शकों में भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। आगामी मैचों में और भी रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है।

# संस्कारधानी शर्मसार : मोहारा फ्लाईओवर के नीचे सुबह से रात तक शराबियों का जमावड़ा, राहगीरों का निकलना दूभर



राजनांदगांव (दावा)। शहर को संस्कारधानी कहने की पहचान पर इन दिनों मोहरा रोड का एक दृश्य सवाल खड़े कर रहा है। मोहरा फ्लाईओवर के नीचे सुबह से लेकर देर रात तक खुलेआम शराब सेवन किया जा रहा है, जिससे न केवल क्षेत्र की स्वच्छता मुहिम की पोल खुल रही है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।

## स्वच्छता और सुरक्षा दोनों चरमराई

स्थानीय निवासियों के अनुसार फ्लाईओवर के नीचे शराबियों का यह जमावड़ा रोजाना का है। बताया जाता है कि आसपास की छोटी दुकानों और ठेलों पर शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। शराबखोरी के बाद टूटी बोतलें, प्लास्टिक पाउच और डिस्पोजल सड़क पर फेंक दिए जाते हैं। जिससे पूरा क्षेत्र गंदगी और दुर्गंध से भर जाता है। यह स्थिति शहर की स्वच्छता व्यवस्था को पूरी तरह से चरमरा रही है।

## महिलाओं और राहगीरों के लिए मुसीबत

क्षेत्र से गुजरने वाली महिलाओं और राहगीरों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि शाम ढलने के बाद स्थिति और भी भयावह हो जाती है। शराबियों की मौजूदगी और उनके उत्पात के कारण इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जाता है। मोहरा रोड अब वेस्टर्न चौराहा के रूप में एक व्यस्त मार्ग बन चुका है, लेकिन फ्लाईओवर के नीचे की यह अवैध गतिविधि इलाके की छवि को बुरी तरह प्रभावित कर रही है।

## प्रशासन की उदासीनता पर सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नागरिकों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण ही यह अवैध गतिविधि खुलेआम चल रही है। आम नागरिकों ने पुलिस और नगर निगम प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और इस अवैध जमावड़े को खत्म करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता और सुरक्षा दोनों बहाल हो सकें।

# विष्णु लोधी ने की जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद हेतु मजबूत दावेदारी



पिछड़ा वर्ग किसान और हर वर्ग की आवाज़- विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) के जिला अध्यक्ष पद हेतु पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा के समक्ष अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर विष्णु लोधी ने कहा कि राजनांदगांव ग्रामीण जिला एक पिछड़ा वर्ग बाहुल्य क्षेत्र है। जहां समाज के हर वर्ग की भागीदारी और सम्मान जरूरी है। कांग्रेस पार्टी सदैव सबको साथ लेकर चलने की परंपरा निभाती आई है और उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने यह दावेदारी पार्टी के प्रति निष्ठा, संगठन के प्रति समर्पण और जनता की सेवा के भाव से की है।

विष्णु लोधी ने कहा कि यह दावेदारी किसी पद की लालसा नहीं, बल्कि जनता और कार्यकर्ताओं की आवाज को संगठन तक पहुंचाने की एक जिम्मेदारी है। यह सम्मान केवल मेरे लिए नहीं, बल्कि उन हजारों कार्यकर्ताओं के लिए है, जो दिन-रात कांग्रेस के झंडे को ऊंचा रखे हुए हैं। उन्होंने पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा के समक्ष पिछड़ा वर्ग की पृष्ठभूमि, जनसेवा के अनुभव और संगठनात्मक कार्यशैली को प्रमुखता से रखा।

इस दौरान श्री सपरा ने विष्णु लोधी से एकांत में लगभग 10 मिनट तक गहन चर्चा की। जिसमें संगठन की मजबूती, ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की स्थिति और जनता के बीच संवाद बढ़ाने जैसे विषयों पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। विष्णु लोधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसकी एकता और विविधता में निहित है– 'हम सब कांग्रेस परिवार के सदस्य हैं। यहाँ कोई बड़ा या छोटा नहीं, हर कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है। सभी समाज, वर्ग और समुदाय के लोगों का सम्मान हमारे संस्कारों में है। जब हम सब मिलकर काम करेंगे, तभी पार्टी और मजबूत होगी।' जनता और कार्यकर्ताओं में विष्णु लोधी की दावेदारी को लेकर उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा जा रहा है। क्षेत्र के लोग उन्हें एक ईमानदार, मिलनसार और जनसेवी नेता के रूप में देखते हैं, जो हर वर्ग के हित की बात खुले दिल से करते हैं।

## पार्टी जिसे जिम्मेदारी देगी उनके साथ मिलकर करेंगे निष्ठापूर्वक कार्य - विष्णु लोधी

श्री लोधी ने कहा है कि मुझे विश्वास है कि पार्टी जिस किसी को भी यह जिम्मेदारी सौंपेगी। मैं संगठन की मर्यादा और अनुशासन में रहते हुए उनके साथ मिलकर कार्य करूंगा। मेरा उद्देश्य केवल जनता की सेवा और कांग्रेस संगठन को मजबूत करना है। 'इस दावेदारी के साथ विष्णु लोधी ने यह संदेश दिया है कि सच्ची राजनीति पद नहीं, सेवा और संवेदना से चलती है और यही भावना उन्हें जनता के दिलों के और करीब ले जाती है।

# डोंगरगढ़ में धूमधाम से मनी वाल्मीकि प्रगट दिवस

डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ में रमायण रचयिता महाऋषि वाल्मीकि के प्रगट दिवस का मनाया गया। बड़े धूमधाम से समाज के अध्यक्ष और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हत्थेल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सुदर्शन वाल्मीकि समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्री हथेल ने छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार से मांग किया हम सबके आराध्य देव महाऋषि बाल्मीकि के प्रकट दिवस 7 अक्टूबर को पूर्ण अवकाश की मांग भी की है। इस धार्मिक शोभायात्रा में महिलाओं, नवयुवकों, बुजुर्गों और बच्चों ने इस अवसर पर शोभायात्रा और प्रभात फेरी में हिस्सा लिया। भगवान वाल्मीकि की पूजा-अर्चना कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एकजुट होकर सामाजिक एकता और सौहार्द्र का परिचय दिया। तरुण हत्थेल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि भगवान वाल्मीकि के आदर्शों पर चलकर हम हर समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। इस भव्य कार्यक्रम मे माँ शीतला महिला समिति का और नवयुवक रघुनंदन समिति और समाज के वरिष्ठजनों, प्यारे बच्चों का बहुत अच्छा सहयोग मिला महाऋषि बाल्मीकि की शोभायात्रा का जगह स्वागत किया गया। रेलवे चौक व्यापारी संघ, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, हनुमान भक्त युवा समिति गोलबाजार, जयस्तंभ चौक भारत माता चौक, होते हुए वापस इंदिरा नगर वार्ड नं. 5 सुदर्शन वाल्मीकि अम्बेडकर भवन में समापन किया गया और सबको अंकुट भोग प्रसाद प्रदान कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

# जिले में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर नियंत्रण हेतु बनाए कार्ययोजना - कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति



0 कोटपा अधिनियम के पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
0 शासन की पुनर्वास नीति पर भी हुई विस्तृत चर्चा

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कलेक्टोरेट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जिले में कानून व्यवस्था, मादक पदार्थों की रोकथाम, आबकारी नियंत्रण, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और पुनर्वास नीति को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में एसपी यशपाल सिंह, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर दुकालू राम ध्रुव सहित पुलिस, आबकारी और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर सख्त नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने हेतु पुलिस व आबकारी विभाग संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाए एवं नियमित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिले में कोटपा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल प्रभावित परिवारों के पुनर्वास नीति की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रभावितों के लिए आवास भूमि चिन्हांकन, आर्थिक सशक्तिकरण एवं कौशल उन्नयन की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाल विवाह रोकथाम, साइबर सुरक्षा जागरूकता जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाइयों एवं रणनीति पर समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने सभी विभागों को समन्वित प्रयास के निर्देश दिए, ताकि बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सके।

# संजय सिन्हा का वक्तव्य : छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति की पहचान विदेशों में भी



छुरिया (दावा)। विकासखंड छुरिया के ग्राम जरहामहका में युवा शारदा समिति के तत्वावधान में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए युवाओं के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ छुरिया जनपद पंचायत के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने मां सरस्वती विद्या दायिनी की मूर्ति पर पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप रूप से कांता प्रसाद साहू अध्यक्ष मंडल भाजपा छुरिया, नैनसिंह पटेल उपाध्यक्ष, टीकम साहू युवा भाजपा नेता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि भारत एक विविधताओं से भरा देश है। जहां प्रत्येक राज्य, धर्म, भाषा और परंपरा का अपना एक विशिष्ट स्थान है। इन सबको एक सूत्र में बांधने का कार्य सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हैं। ये कार्यक्रम हमारे समाज की जीवंतता, एकता और रचनात्मकता का प्रतीक होते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का अर्थ सांस्कृतिक कार्यक्रम ऐसे आयोजन होते हैं। जिनमें किसी समाज, विद्यालय, महाविद्यालय या संस्था की कला, संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन किया जाता है। इसमें नृत्य, संगीत, नाटक, कविता-पाठ, लोकगीत, वाद्ययंत्र प्रस्तुति, निबंध वाचन आदि शामिल होते हैं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्देश्य

संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन करना छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना एकता और भाईचारे की भावना जगाना समाज में सकारात्मकता और उत्साह फैलाना, रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाना विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महत्व विद्यालय और महाविद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम होते हैं। इनसे विद्यार्थी अपनी नेतृत्व क्षमता, वक्तृत्व कौशल और सामूहिक भावना का विकास करते हैं। सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन भारत में विभिन्न जातियां, धर्म और भाषाएं होते हुए भी सांस्कृतिक कार्यक्रम हमें 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देते हैं। राजस्थान का घूमर नृत्य, पंजाब का भांगड़ा, असम का बिहू, छत्तीसगढ़ का पंथी नृत्य, दक्षिण भारत का भरतनाट्यम ये सभी हमारी सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाते हैं। इस अवसर पर मन्नूराम चंद्रवांसी सरपंच, टुमन सेन, तुलाराम सिरमौर सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# वन विभाग में सेवारत तीरथ चंदेल के सेवानिवृत होने पर मॉर्निंग वॉक ग्रुप के सदस्यों ने किया सम्मान




श्री चंदेल ने सदैव सहकर्मियों के बीच सौहार्द्रपूर्ण माहौल बनाकर कार्य संस्कृति को नई दिशा दी

डोंगरगढ़ (दावा)। वन विभाग डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्र में कार्यरत वरिष्ठ एवं कर्मठ कर्मचारी तीरथ चंदेल के दिनांक 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर गत शनिवार की रात रानीसती राइस मिल परिसर में आयोजित भव्य स्नेह भोज एवं सम्मान समारोह आयोजित कर शुभकामना दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ बम्लेश्वरी माता के जयकारा के साथ हुआ।

समारोह में विभाग के कर्मचारीयों के अलावा मॉर्निंग वॉक ग्रुप के राकेश अग्रवाल अध्यक्ष, गोपाल महोबिया, मुख्य योगाचार्य, मनोज दम्मानी, नितिन पचेरीवाला, संदीप पचेरीवाला, राकेश भूत, आनंद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सिद्धार्थ नागदेवे, मधुसूदन अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, विश्कर्मा सर, राव सर, नगर के गणमान्य नागरिक बीरेंद्र अग्रवाल एवं ग्रुप के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्री चंदेल ने सदैव सहकर्मियों के बीच सौहार्द्रपूर्ण माहौल बनाकर कार्य संस्कृति को नई दिशा दी

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अपने संबोधन में श्री चंदेल की 38 वर्ष 7 माह की लम्बी सेवायात्रा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और सौम्य स्वभाव से विभाग में एक विशिष्ट पहचान बनाई। अपने कार्यकाल में उन्होंने सदैव सहकर्मियों के बीच सौहार्द्रपूर्ण माहौल बनाकर कार्य संस्कृति को नई दिशा दी। ग्रुप के सिद्धार्थ नागदेवे ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'श्री चंदेल की सेवाएं हम सबके लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने निष्ठा और अनुशासन से अपने कार्य को जिस तरह निभाया, वह आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श उदाहरण है।' 62 वर्ष की आयु में भी श्री चंदेल का स्वास्थ्य, सक्रियता और दिनचर्या सबके लिए प्रेरणादायक रही। नियमित मार्निंग वॉक, योग और व्यायाम के प्रति उनका अनुशासन उनके जीवन की विशेष पहचान रहा है। समारोह में उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों ने उन्हें स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन भुनेश्वर वैष्णव(दाऊ जी) द्वारा प्रस्तुत किया गया। समारोह का संचालन संयोजक मंडल ने किया। मॉर्निंग वॉक ग्रुप परिवार ने कहा कि 'श्री चंदेल भले ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं, पर उनकी कार्यनिष्ठा और प्रेरणा सदैव याद की जाएगी।'

# जिले में प्राईस सपोर्ट स्कीम द्वारा एमएसपी पर खरीदी होने से सरसों फसल का रकबा बढ़ाने की तैयारी



राजनांदगांव (दावा)। घरेलू बाजार के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी सरसों की मांग में तेजी आने के कारण किसानों के बीच सरसों फसल की लोकप्रियता बढ़ रही है। जिले में 1100 से 1200 हेक्टेयर में सरसों की खेती की जाती है, परन्तु इस वर्ष यह रकबा बढ़ने की उम्मीद है।

इसका महत्वपूर्ण कारण यह है कि इस वर्ष रबी 2025-26 में प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत नाफेड द्वारा राज्य शासन के साथ मिलकर इस साल सरसों फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी भी की जाएगी। भारत सरकार ने भी गतवर्ष की तुलना में सरसों फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी बढ़ोतरी की है। भारत में सरसों का तेल लगभग सभी घरों में खाद्य तेल के रूप में काम आता है। सरसों की खेती की खास बात यह है कि सिंचित और असिंचित, दोनों ही तरह के खेतों में की जा सकती है। सोयाबीन और पाम के बाद सरसों विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण तिलहन फसल हैं। मुख्य तौर पर सरसों के तेल के साथ-साथ सरसों के पत्तों का उपयोग सब्जी बनाने में होता है और सरसों की खली भी बनती है, जो कि दुधारू पशुओं को खिलाने के काम आती है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि सरसों फसल में मात्र 300 एमएम पानी में सिंचाई हो जाता है, जो ग्रीष्मकालीन धान की तुलना में पांच गुना कम है। साथ ही इसका उत्पादन लागत भी 10 हजार रूपए से 11 हजार रूपए ही है। जिसमें किसानों को बाजार मूल्य 6000 से 6200 प्राप्त होता है, जिससे किसान 22 से 23 हजार रूपए शुद्ध लाभ प्रति एकड़ कमाई कर सकते है। इस वर्ष विशेष कार्ययोजना बनाकर सरसों फसल को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरसों प्रमुख तिलहन फसल में से एक है। रबी की फसल होने के कारण मध्य सितम्बर से मध्य अक्टूबर तक सरसों की बुवाई कर देनी चाहिए। सरसों की फसल का अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए 15 से 25 डिग्री तापमान की आवश्यकता होती है। सरसों की खेती सभी प्रकार की मिट्टी में की जा सकती है, लेकिन अच्छी उपज पाने के लिए समतल एवं अच्छी जल निकासी वाली बलुई दोमट मिट्टी सबसे उपयुक्त रहती है।

0 खेत की तैयारी कैसे करें

सरसों की खेती में भुरभुरी मिट्टी की आवश्यकता होती है, खेत को सबसे पहले मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई करनी चाहिए। इसके बाद दो से तीन जुताई देशी हल या कल्टीवेटर के माध्यम से करना चाहिए। इसकी जुताई करने के बाद खेत में नमी रखने के लिए व खेत समतल करने के लिए पाटा लगाना अतिआवश्यक है। पाटा लगाने से सिंचाई करने में समय व पानी दोनों की बचत होती है।

0 सरसों की बुवाई के लिए बीज की मात्रा

जिन खेतों में सिंचाई के पर्याप्त साधन उपलब्ध हो वहां सरसों की फसल की बुवाई के लिए 5 से 6 किलो ग्राम बीज प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करना चाहिए। जिन खेतों में सिंचाई के पर्याप्त साधन उपलब्ध न हों, वहां सरसों की बीज की मात्रा भिन्न हो सकती है। बीज की मात्रा फसल की किस्म के आधार पर निर्भर करती है। यदि फसल की अवधि अधिक दिनों की है तो बीज की मात्रा कम लगेगी और यदि फसल कम अवधि की है तो बीज की मात्रा ज्यादा लगेगी।

सरसों की खेती के लिए उसकी उन्नत किस्मों की जानकारी होना भी आवश्यक है, जिससे अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। सरसों की कई तरह की किस्में सिंचित क्षेत्र व असिंचित क्षेत्र के लिए अलग-अलग हैं। आरएच 30 सिंचित क्षेत्र व असिंचित क्षेत्र दोनों ही परिस्थितियों में गेंहूँ, चना एवं जौ के साथ बुवाई करने के लिए उपयुक्त होती है। टी 59 (वरूणा) यह किस्म उन क्षेत्रों में अच्छी पैदावार प्रदान करती है। जहां सिंचाई के साधन की उपलब्धता नहीं होती है। इसकी उपज असिंचित क्षेत्र में 15 से 18 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है। दाने में तेल की मात्रा 36 प्रतिशत होती है। पूसा बोल्ड आशीर्वाद (आर.के.) यह किस्म देर से बुवाई के लिए (25 अक्टूबर से 15 नवंबर तक) उपयुक्त होती है। एनआरसीएचबी 101 यह किस्म उन क्षेत्रों में अच्छी पैदावार प्रदान करती है, जहां सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था होती है। ये किस्म 20 से 22 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक का उत्पादन प्रदान करती है।

सरसों की फसल में पहली सिंचाई 25 से 30 दिन पर करनी चाहिए तथा दूसरी सिंचाई फलियाँ में दाने भरने की अवस्था में करना चाहिए। यदि जाड़े में वर्षा हो जाती है तो दूसरी सिंचाई न भी करें तो भी अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। ध्यान रहे सरसों में फूल आने के समय खेत की सिंचाई नहीं करनी चाहिए। सरसों की फसल में सिंचाई सामान्यतः पट्टी विधि द्वारा करनी चाहिए।

# छत्तीसगढ़ में गौ-सेवा आयोग में 934 अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति, तीन साल का रहेगा कार्यकाल



रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने गौ-सेवा आयोग नियम 2005 में संशोधन करते हुए जिला और ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों की व्यापक नियुक्ति की है। राज्य बनने के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में समितियों का गठन किया गया है, जिनका उद्देश्य गौशालाओं का पंजीकरण, निरीक्षण और जैविक खेती व पंचगव्य उत्पादन को बढ़ावा देना है। राज्यभर में कुल 934 अध्यक्ष और सदस्य नियुक्त किए गए हैं। इनमें रायपुर में लोमस कुमार यदु, दुर्ग में विजय अग्रवाल, सूरजपुर में विजय शर्मा, बिलासपुर में धीरेंद्र दुबे, और दंतेवाड़ा में धनेश्वर दास जैसे पदाधिकारी शामिल हैं। इन समितियों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर गौ-सेवा आयोग की शक्तियों में भी वृद्धि की गई है ताकि गौशालाओं पर निगरानी और पशु तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

आदेश के अनुसार जिला स्तरीय समिति हर दो महीने में और ब्लॉक स्तरीय समिति हर महीने बैठक करेगी। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष करेंगे और अनुपस्थिति में कोई सदस्य यह जिम्मेदारी निभाएगा। समितियों को गौशालाओं की स्थिति, अनुदान, पशुधन स्वास्थ्य और अधोसंरचना की रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत करनी होगी। नई समितियां नई गौशालाओं की स्थापना, पंजीयन और निरीक्षण में अहम भूमिका निभाएंगी। राज्य सरकार ने इन समितियों के गठन से पारदर्शिता, जवाबदेही और निगरानी को सुदृढ़ करने पर जोर दिया है। इस पहल से छत्तीसगढ़ में गो-सेवा, जैविक खेती और ग्रामीण पशुपालन के क्षेत्र में नई ऊर्जा और विकास की दिशा मिलेगी।

# नशीली दवाई सप्लाई करने और बेचने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार





**महाराष्ट्र से नशीली दवा नाइट्रोसम-10 लाकर राजनांदगांव में बिक्री करते थे आरोपी**

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस और सायबर सेल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को नकली दवाई सप्लाई करने वाले व उसे बेचने वाले 3 आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है।

पुलिस ने आरोपियों से नशीली गोलिया 2 पैकेट नाइट्रोसम-10 टेबलेट कुल 190 नग कीमती 1482 रूपये, 3 नग टचस्क्रीन मोबाईल कीमत 30,000 रूपये एवं एक ट्रक कीमत 12 लाख कुल बारह लाख चौवालीस हजार बयासी रूपये जब्त किया है और उनके खिलाफ अपराध क्रमांक 605/25 धारा 21(बी) नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी किशोर सिन्हा पिता स्व. राधेलाल सिन्हा उम्र 48 वर्ष निवासी पेण्ड्री थाना लालबाग व किशन सेन पिता गोर्वधन सेन उम्र 40 वर्ष निवासी जमातपारा गुरूद्वारा के पीछे मिश्रा गली थाना बसंतपुर एवं विशाल मिश्रा पिता स्व. अनिल मिश्रा उम्र 30 वर्ष निवासी बल्देवबाग राशन दुकान गली वार्ड नं. 15 थाना कोतवाली उक्त मामले में धर दबोचे गए।

**महाराष्ट्र से नशीली गोलियां लाकर बेचते थे राजनांदगांव में**

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग (भा0पुसे0) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व में अवैध रूप से गांजा, शराब नशीली दवाईयों टेबलेट के बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार 7 अक्टूबर को विश्वस्त सूत्रो से सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक सीजी-08/एएस-8158 के चालक किशोर सिन्हा महाराष्ट्र से नशीली टेबलेट लाकर राजनांदगांव में बिक्री करता है। वह आज भी महाराष्ट्र से नशीली टेबलेट लेकर आ रहा है।

**नाकेबंदी कर पकड़े गए सभी आरोपी**

इस सूचना पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल पुलिस की सयुक्त रूप से टीम गठित कर न्यु चंद्रा कॉलोनी के पास जीई रोड़ किनारे में नाकेबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी-08/एएस-8158 आते दिखाई देने पर उसे रोककर ट्रक के चालक एवं ट्रक में सवार एक व्यक्ति को नीचे उतारकर नाम व पता पूछने पर अपना नाम किशोर सिन्हा और किशन सेन बताया पुलिस द्वारा उनकी तलाशी लेने पर दोनों व्यक्ति के जेब में नशीली गोलियां 2 पैकेट नाइट्रोसम-10 टेबलेट कुल 190 नग किमती 1482 रूपये बरामद हुआ।

पूछताछ पर ट्रक चालक किशोर सिन्हा ने बताया कि नाइट्रोसम-10 टेबलेट को महाराष्ट्र से खरीदकर राजनांदगांव लाकर किशन सेन एवं विशाल मिश्रा को देता है एवं उक्त नशीली टेबलेट को किसन सेन एवं विशाल मिश्रा द्वारा शहर में बिक्री करता हैं। आरोपियों के खिलाफ़ अप.क्र. 605/25 धारा 21 (बी) नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) एक्ट पंजीबद्व कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# ए.के. गौराहा बने विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने अश्वनी कुमार गौराहा सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, राजनांदगांव क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है।



**4 जिलों के विद्युत उपभोक्ता फोरम से संबंधित उपभोक्ता परिवेदना का त्वरित होगा समाधान**

विद्युत नियामक आयोग के आदेश के परिपालन में श्री ए.के. गौराहा ने आज क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन स्थित कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता ए.डी. टण्डन, सुश्री, गीता ठाकुर, लेखाधिकारी भावेश बाल्दे सहित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, राजनांदगांव क्षेत्र के नवपदस्थ अध्यक्ष श्री गौराहा को पदभार ग्रहण करने की बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, राजनांदगांव क्षेत्र हेतु अध्यक्ष नियुक्त होने से 04 जिलों क्रमशः राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम के अन्तर्गत आने वाले विभागीय संभाग राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, मोहला, खैरागढ़, कवर्धा एवं पंडरिया के उपभोक्ताओं के फोरम से संबंधित परिवेदना का त्वरित समाधान हो सकेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण और राज्य में विद्युत क्षेत्र के विनियमन के लिए काम करने वाला एक महत्वपूर्ण वैधानिक निकाय है। उल्लेखनीय है कि यह नियुक्ति आयोग के छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (उपभोक्ता परिवेदना निवारण) विनियम, 2023'' के तहत की गई है। विद्युत नियामक आयोग ने अपने पूर्व आदेश दिनांक 30 जुलाई 2025 द्वारा गठित चयन समिति की सिफारिशों पर विचार करने के बाद श्री ए.के. गौराहा के नाम को मंजूरी दी। इनका कार्यकाल नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 03 वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी। वेतन और भत्ते इस पद के लिए देय वेतन एवं भत्ते के विनियमों तथा छत्तीसगढ़ लोक सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के अंतर्गत प्रशासित होंगे।

# डोंगरगांव पुलिस ने आरोपी से 180 पौवा देशी शराब की ज़ब्त

**दूसरे आरोपी से भी 16 पांव देशी शराब व बिक्री की रकम की गई जब्त**



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम बीजाभांठा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को लेकर ग्रामीणों के द्वारा पहले ही सर्वसम्मति और शक्ति से निर्णय लिया गया था कि गांव के आसपास नशे का सामान क्रय विक्रय नहीं होगा और ऐसा करने पर दंडित किया जाएगा। जिसके बाद कुछ दिनों तक शराब बिक्री में कमी आई थी, लेकिन फिर क्षेत्र के अवैध शराब बिक्री करने एक युवक सक्रिय हो गया। इस पर ग्रामीणों ने ध्यान रखते हुए समय का इंतजार किया और घुघवाखार धान मंडी के पीछे मुक्तिधाम के पास शराब बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों ने थाना डोंगरगांव को सूचित किया और पेट्रोलिंग पार्टी तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी पकड़ा गया और गस्ती टीम के साथ ही आरोपी और ग्रामीण थाने पहुंचे। थाना प्रभारी कृष्णा पाटले के नेतृत्व में ग्रामीणों के समक्ष पकड़े गए शराब की गिनती की गई और कार्यवाही की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घुघवा निवासी प्रीतम नामक व्यक्ति घुघवाखार धान मंडी के पीछे मुक्तिधाम के पास शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंजार कर रहा है। ग्रामीणों की मदद से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी प्रीतम साहू पिता स्व. हीरा साहू उम्र 22 साल निवासी घुघवा के कब्जे से 180 पौवा शोले देशी शराब कीमती 14400 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 400 रूपये कुल जुमला कीमती 14800 रूपये को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर ज्युडिशियल रिमांड भर न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया और जेल दाखिल किया गया।

# अखिल भारतीय कबड्डी में राजनांदगांव महिला टीम ने जीता उपविजेता का खिताब



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव की महिला कबड्डी टीम ने निवाड़ी, रतलाम (मध्यप्रदेश) में आयोजित अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया है। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि राजनांदगांव की टीम ने टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जबलपुर, अलीगढ़ और वाराणसी जैसी मजबूत टीमों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। अशोक चौधरी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रधान कोच ललित साहू और मैनेजर को हार्दिक बधाई दी। टीम की इस सफलता ने राजनांदगांव जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।




# भूपेश बघेल ने किया चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्यालय का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव भूपेश बघेल ने रविवार को राजनांदगांव स्थित मास्क एंड एसोसियेशन (मास्क एंड एसोसिएशन, चार्टर्टड एकाउंटेंट) के नवनिर्मित कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सीए शिवम चौधरी साहू ने बताया कि मास्क एंड एसोसिएशन पिछले 13 वर्षों से उत्कृष्ट लेखा एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान कर रहा है। नए कार्यालय का उद्घाटन संस्था की प्रगति और विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी, उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री बघेल ने नई पीढ़ी के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईमानदारी और परिश्रम से किया गया कार्य ही समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है।

**आवश्यकता है**

**दैनिक अखबार में कार्य के लिए कुशल युवक-युवतियों की**

- * विज्ञापन मार्केटिंग
- * कम्प्यूटर ऑपरेटर
- * सिटी रिपोर्टर

संपर्क समय- प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक

संपर्क : दैनिक दावा कार्यालय बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

**भूखंड बेचना है**

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।

अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।

नोट :- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दिये जा सकते है।




**दशहरा के शुभ अवसर पर विशेष छूट नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक**

थोक व चिल्हर विक्रेता (Less Then MRP)

चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स

गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)

मो. - 9302435886,9827951560

# श्रीमती करूणा यादव ने गौवंश रक्षा, नशामुक्ति एवं बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा के क्षेत्र में कार्य करने का किया आव्हान

रायपुर (दावा)। प्रदेश स्तरीय सर्व यादव महिला सम्मेलन का आयोजन रायपुर के वृन्दावन भवन, कटोरातालाब चौक रायपुर में भव्यता के साथ किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कौशिल्या देवी साय, धर्मपत्नी विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ उपस्थित रहीं।



- सामाजिक आयोजन में श्रीमती करूणा यादव ने ज्वलंत समस्याओं पर किया सीएम मैडम का ध्यानाकर्षण
- प्रदेश स्तरीय सर्व यादव महिला सम्मेलन का रायपुर में भव्य आयोजन, राजनांदगांव की मातृशक्ति रही उपस्थित

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव से आयोजन में उपस्थित रही, श्रीमती करूणा मधुसूदन यादव ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बालोद से पधारी श्रीमती मंजू राकेश यादव, श्रीमती जागृति चुन्नी यदु राजनांदगांव, श्रीमती सुलोचना यादव, श्रीमती सविता यादव, श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, श्रीमती ललिता राम यादव, श्रीमती विमला राजेश यादव, श्रीमती रीमा रमेश यादव, श्रीमती भुवनेश्वरी यादव, श्रीमती सरोज यादव उपस्थित रही। इस आयोजन में राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रीमती करूणा मधुसूदन यादव, श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, पार्षद खेमिन राजेश यादव एवं माथलडबरी सरपंच श्रीमती मधु यादव उपस्थित रहीं।

आयोजन समिति की ओर से श्रीमती धनमती यादव (देवभोग), श्रीमती किरण यादव (मस्तूरी), श्रीमती गीता यादव (कोरबा), श्रीमती गीता यादव (तखतपुर), श्रीमती पुष्पलता यादव (पामगढ़), श्रीमती स्नेहा यादव (रायपुर) उपस्थित रहीं। आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलो से पधारे गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया एवं प्रदेश स्तरीय सर्व यादव महिला टीम के नवीन पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सूची जारी की गई एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा उठाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राजनांदगांव की श्रीमती करूणा यादव ने अपने उद्बोधन में मंच से समसामयिक ज्वलंत विषयों पर सीएम मैडम का ध्यानाकर्षित करते हुए मुख्यमंत्री के माध्यम से समुचित निराकरण करवाने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने मुख्य रूप से शालाओं में बालिकाओं के लिये आत्मरक्षा को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने संबंधी, हाईवे सड़क रोड रास्तों पर चरने वाले गौवंश की रक्षा के संबंध में एवं प्रदेश में बच्चों, युवा एवं बुजुर्गों में बढ़ रहे नशाप्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये नशामुक्ति अभियान चलाने का आव्हान किया। इससे पहले उन्होंने समाज की महिलाओं की ओर से मुख्य अतिथि श्रीमती कौशिल्या देवी साय एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए अपना बहुमूल्य समय देने के लिए उनका आभार प्रदर्शित किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती कौशिल्या देवी साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि यादव समाज भगवान कृष्ण के वंशज है। उनके द्वारा इस आयोजन के माध्यम से जनजागृति, धर्म का प्रचार एवं समाज को संगठित करते का कार्य उत्तम कार्य किया जा रहा है। उन्होंने समाज की महिलाओं को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए अपने पारिवारिक, सामाजिक रिश्तों को सहेजने, संगठित रहने एवं प्रदेश की उन्नति में अपना योगदान एवं सहभागिता देने का आव्हान किया। सीएम मैडम ने सामाजिक मंच से प्राप्त मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर उनका यथाशीघ्र उचित निराकरण करवाने हेतु आवश्वास भी दिया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com